दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
वर्ष: 16 | अंक 327 | सीकर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# जम्मू में सेना की गाड़ी 400-फीट गहरी खाई में गिरी

## 10 जवानों की जान गई, 11 घायल

## सड़क पर बर्फ के चलते फिसली गाड़ी

श्रीनगर।

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को सेना की गाड़ी 400 फीट गहरी खाई में गिर गई। इसमें 10 जवानों की मौत हो गई, जबकि 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया है।

हादसा भद्रवाह-चंबा इंटरस्टेट रोड पर खन्नी टॉप के पास हुआ। डोडा के डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह ने बताया कि सड़क पर बर्फ होने की वजह से ड्राइवर ने गाड़ी से कंट्रोल खो दिया।

सेना के अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में सवार 21 जवान डोडा से ऊपरी पोस्ट पर जा रहे थे। सेना ने अभी यह नहीं बताया है कि जान गंवाने वाले और घायल जवान किन राज्यों से हैं।

भद्रवाह-चंबा रोड जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश को जोड़ता है। रास्ते में ऊंचे पहाड़, गहरी खाइयां और घने जंगल हैं। सड़क बेहद संकरी है और कई जगह तीखे मोड़ (हेयरपिन बेंड) हैं। जहां हादसा हुआ, उस खन्नी टॉप इलाके की समुद्र तल से ऊंचाई 9 हजार फीट है। यहां मौसम तेजी से बदलता है। ठंड और कोहरा छाया रहता है। बर्फबारी के बाद यह रास्ता ज्यादा खतरनाक हो जाता है।

एक साल में 4 बड़े हादसे केंद्र सरकार सशस्त्र बलों से जुड़ी दुर्घटना और अन्य कारणों से होने वाली मौतों की जानकारी सार्वजनिक नहीं करती है।

**जनवरी, 2025:** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सेना का ट्रक खाई में गिर गया था। हादसे में 4 जवानों की मौत हो गई थी।

**मार्च, 2025:** मणिपुर के सेनापति जिले में बीएसएफ जवानों को ले जा रही गाड़ी खाई में गिर गई थी। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई थी। 13 घायल हुए थे। सूत्रों के मुताबिक गाड़ी ओवरलोडेड होने की वजह से हादसा हुआ।





**मई, 2025:** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के बैटरी चश्मा इलाके में एक वाहन 600 मीटर गहरी खाई में गिर गया था। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई थी।

**अगस्त, 2025:** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में सीआरपीएफ जवानों की बंकर गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए।

# चांदी 19,386 और सोना 3,099 सस्ता हुआ

## एक किलो चांदी घटकर 3 लाख पर आई, सोना 1.51 लाख/10 ग्राम बिका



**नई दिल्ली।** चांदी की कीमतों में गुरुवार 22 जनवरी को गिरावट है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, चांदी 5% या करीब 19 हजार प्रति किलो गिर गई। चांदी सुबह 3,03,584 रुपए पर खुली और 2,99,711 रुपए पर बंद हुई। कल ये 3,19,097 लाख रुपए पर बंद हुई थी और कारोबार के दौरान इसने 3,20,075 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोना भी 3,099 रुपए गिरकर 1,51,128 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। एक दिन पहले सोने ने 1,55,204 रुपए का हाई बनाया था। फिर 1,54,277 रुपए पर बंद हुआ।

### सोना-चांदी सस्ते होने की तीन वजहें

- पिछले दिनों आई बड़ी तेजी के बाद हुई मुनाफावसूली से सोना-चांदी सस्ते हुए है।
- शेयर बाजार में तेजी आने से सुरक्षित निवेश के तौर पर सोना-चांदी की डिमांड घटी है।
- जियोपॉलिटिकल तनाव कम होने से सोना-चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट आई हैं।

### निवेशकों को थोड़ा इंतजार करने की सलाह

अगर आप नई खरीदारी या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो एक्सपर्ट्स का मानना है कि थोड़ा और इंतजार करना सही रहेगा। अभी मुनाफावसूली का दौर चल रहा है, जिससे कीमतों में और गिरावट की संभावना है। वहीं, जिन लोगों ने ऊंचे भाव पर चांदी खरीदी है, उन्हें घबराने के बजाय लंबी अवधि के लिए होल्ड करने की सलाह दी गई है क्योंकि फंडामेंटल्स अब भी मजबूत हैं।

# ट्रम्प का यू-टर्न, यूरोपीय देशों पर 10% टैरिफ नहीं लगाएंगे

## ग्रीनलैंड समझौते पर नाटो चीफ के साथ बातचीत की, कहा- डील की जानकारी जल्द पब्लिक करूंगा

दावोस।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूरोपीय देशों पर 10% टैरिफ लगाने से पीछे हट गए हैं। ये टैरिफ 1 फरवरी से लगने वाले थे। ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि उन्होंने दावोस में नाटो चीफ जनरल मार्क रुट के साथ बातचीत के बाद यह फैसला लिया।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनकी नाटो चीफ के साथ ग्रीनलैंड को लेकर होने वाले समझौते की बुनियादी बातें तय हो गई हैं। अगर यह समझौता पूरा होता है, तो यह अमेरिका और नाटो के सभी देशों के लिए फायदेमंद होगा।

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका, नाटो और दूसरे देश मिलकर पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा पर काम करेंगे, जिसमें ग्रीनलैंड भी शामिल रहेगा। हांलांकि ट्रम्प ने इस समझौते की पूरी जानकारी देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि मामला थोड़ा मुश्किल है और इसकी पूरी जानकारी बाद में दी जाएगी।

### ग्रीनलैंड डील का फ्रेमवर्क क्या है

ट्रम्प और नाटो के बीच ग्रीनलैंड फ्रेमवर्क के तहत कई बिंदुओं पर सहमति बनी है। इसके तहत ग्रीनलैंड और पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा नाटो और अमेरिका मिलकर करेंगे। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि यह डील जल्द सार्वजनिक की जाएगी। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका को ग्रीनलैंड में कुछ सीमित इलाकों में अपने सैन्य ठिकाने बनाने की अनुमति मिलेगी। इन ठिकानों का इस्तेमाल जमीन, समुद्र और हवा तीनों मोर्चों पर निगरानी और रक्षा के लिए होगा। इसके साथ ही नाटो, अमेरिका के प्रस्तावित 'गोल्डन डोम' मिसाइल डिफेंस सिस्टम में भी सहयोग करेगा। फ्रेमवर्क में यह भी शामिल है कि ग्रीनलैंड के खनिज संसाधनों पर अमेरिका के साथ साझेदारी होगी। रूस और चीन को इस इलाके में आर्थिक या सैन्य पकड़ बनाने से रोका जाएगा।





### ग्रीनलैंड पर कब्जा नहीं करेगा अमेरिका

सीबीएस न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इस समझौते में अमेरिका के ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण या मालिकाना हक में लेने की कोई बात नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, इस ढांचे के तहत ग्रीनलैंड की सुरक्षा मौजूदा 1951 के अमेरिका-डेनमार्क समझौते से भी ज्यादा मजबूत की जाएगी।

### 1951 का अमेरिका-डेनमार्क समझौता क्या था?

1951 में अमेरिका और डेनमार्क के बीच एक रक्षा समझौता हुआ था। इसके तहत अमेरिका को ग्रीनलैंड में सैन्य ठिकाने बनाने की इजाजत मिली थी। उस समय कई बेस बने, लेकिन आज सिर्फ एक बेस पिटुफिक स्पेस बेस एक्टिव है।

# राहुल ने सिर पर गमछा बांधा, कंधे पर कुदाल रखी

## मनरेगा बचाओ सम्मेलन में बोले- वीबी-जीराम-जी जुमला है, गरीबों के हक पर हमला है



नई दिल्ली।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा कि वे वीबी-जीराम-जी बिल के बारे में नहीं जानते। उन्होंने कहा, 'वीबी-जीराम-जी' जुमला है, गरीबों के हक पर हमला है। राहुल ने गरीबों से अपील की कि वे इस नए बिल के विरोध में एकजुट हों। राहुल रचनात्मक कांग्रेस के राष्ट्रीय मनरेगा श्रमिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में राहुल और खड़गे ने सिर पर गमछा बांधा, कंधे पर कुदाल रखी और देशभर से मजदूरों की लाई मिट्टी पौधों में डाली।

सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि सरकार का मनरेगा को निरस्त करना महात्मा गांधी के नाम को लोगों की यादों से मिटाने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी संसद के बजट सत्र में इस मुद्दे को मजबूती से उठाएगी।

राहुल ने कहा कि मनरेगा गरीबों को अधिकार देने के लिए लाई गई योजना थी। इसका उद्देश्य जरूरतमंदों को काम देना था। यह योजना सरकार के तीसरे स्तर यानी पंचायती राज के माध्यम से चलाई जानी थी। अधिकार शब्द महत्वपूर्ण था। सभी गरीब लोगों को मनरेगा के तहत काम करने का अधिकार था। पीएम मोदी-भाजपा उस कन्सेप्ट को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा, कुछ साल पहले सरकार 3 काले कृषि कानून लाई थी। लेकिन हम सभी के एकजुट होकर दबाव बनाया और कानूनों को रद्द करवा दिया। नए कानून में केंद्र सरकार काम और पैसा देने का फैसला करेगी और भाजपा शासित सरकारों को हमेशा प्राथमिकता मिलेगा। राहुल ने कहा, पहले जो मजदूरों को मिलता था, वह अब ठेकेदारों और अफसरों को दिया जाएगा। भाजपा चाहती है कि संपत्ति कुछ ही हाथों में रहे ताकि गरीब लोग अडानी-अंबानी पर निर्भर रहें, यही उनका भारत का आदर्श है। वे ऐसा भारत चाहते हैं, जहां राजा ही सब कुछ तय करे। सम्मेलन में देश भर के श्रमिकों ने भाग लिया और अपने कार्यस्थलों से मुट्ठी भर मिट्टी लाकर खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की उपस्थिति में प्रतीकात्मक रूप से पौधों में डाली। कांग्रेस ने 10 जनवरी को यूपीए सरकार के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त किए जाने के विरोध में 45 दिनी राष्ट्रव्यापी अभियान मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरुआत की थी। विपक्षी दल विकसित भारत - रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी अधिनियम को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में, यानी काम करने के अधिकार और पंचायतों के अधिकार को बरकरार रखते हुए, एक अधिकार-आधारित कानून के रूप में बहाल करने की मांग कर रहा है।

# सीएम योगी बोले- धर्म किसी पर थोपा नहीं जा सकता

## सनातन धर्म और भारत एक दूसरे के पूरक, सोनीपत में नागे बाबा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की

सोनीपत।



सोनीपत के मुरथल में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागे बाबा मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि भारत के हित के सुरक्षित रहने से ही सनातन धर्म मजबूत होगा।

आज अयोध्या में राम मंदिर और काशी धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। हम सबका दायित्व हर मंदिर को धाम में बदलने का है। सनातन धर्म और भारत एक दूसरे के पूरक है। कार्यक्रम में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और स्थानीय विधायक रहे। सीएम योगी ने कहा... धर्म उपासना का सब्जेक्ट है, इसे किसी पर थोपा नहीं जा सकता। हरियाणा की धरती से भगवान श्रीकृष्ण ने भी उपदेश दिया है। भारत और सनातन धर्म एक दूसरे के पूरक: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासतों में नाथ संप्रदाय सबसे पुराने और प्रभावशाली संप्रदायों में से एक है। नाथ संप्रदाय सनातन धर्म को मजबूती देने के साथ जीने की ढंग भी सुधारता है। योगी ने आगे कहा कि भारत का हित सुरक्षित रहने से ही सनातन धर्म मजबूत होगा। ये दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।

विदेशी ताकतों की मानसिकता से बाहर निकल रहे: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में देश गुलामी और विदेशी ताकतों की मानसिकता से बाहर निकला है। अब हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं। कभी राम मंदिर का निर्माण एक कल्पना थी, लेकिन मजबूत सरकार बनने से ये सपना पूरा हुआ है। आज अयोध्या में राम मंदिर की पताका लहरा रही है, काशी धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

# एसआईआर पारदर्शी तरीके से हो : सुप्रीम कोर्ट

## चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता; ईसी बोला- आयोग पर हमला फैशन बन गया है

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि, यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए। चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता। कोर्ट ने सवाल किया कि क्या एसआईआर नियमों से हटकर हो सकती है। इस पर चुनाव आयोग की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने कहा- वोटर लिस्ट की जांच करना न्यायसंगत और सही है। कोर्ट को इस प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर देना चाहिए। द्विवेदी ने आगे कहा कि कुछ हल्लह और नेताओं के कहने पर हर मामले की जांच नहीं हो सकती। बिहार में जिन 66 लाख लोगों के नाम हटे हैं उनमें से किसी ने कोर्ट में शिकायत नहीं की। आजकल ईसीआई को गाली देकर चुनाव जीतना फैशन बन गया है।



### चुनाव आयोग के 5 तर्क

- कानून के तहत ईसीआई को वोटर लिस्ट की विशेष जांच करने का अधिकार है। एसआईआर कैसे किया जाए, यह आयोग तय कर सकता है।
- बिहार में करीब 20 साल से ऐसी जांच नहीं हुई थी। जनसंख्या बदलाव, शहरों में पलायन बढ़ा है। इसलिए वोटर लिस्ट अपडेट जरूरी थी।
- 2003 में नागरिकता कानून में बदलाव हुआ था। अब नागरिकता साबित करने के नियम सख्त हुए हैं।
- घर-घर जाकर जांच हुई। 5 करोड़ एसएमएस भेजे गए। 76% वोटरों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा गया। बाकी लोगों से 11 प्रकार के दस्तावेज लिए गए।
- ईसीआई का मकसद संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत यह देखना था कि कोई व्यक्ति नागरिक है या अवैध प्रवासी। कहीं माता-पिता अवैध प्रवासी तो नहीं।

# झारखंड में 1 करोड़ के इनामी समेत 15 नक्सली ढेर

## सारंडा जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान एनकाउंटर; पुलिस, कोबरा बटालियन और सेंट्रल फोर्स शामिल

चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।

झारखंड में मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी नक्सली अनल दा समेत 15 नक्सली ढेर हुए हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में गुरुवार सुबह से सुरक्षाबलों और भाकपा (माओवादी) नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। आसपास का इलाका गोलियों की आवाज से गूंज उठा। जानकारी के मुताबिक झारखंड पुलिस, कोबरा और सेंट्रल पुलिस फोर्स के जवानों की सर्चिंग के दौरान माओवादी के शीर्ष नेता अनल दा उर्फ पतिराम मांझी के दस्ते के साथ मुठभेड़ हुई। उसके दस्ते में 14 से अधिक नक्सली हैं। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अनल दा समेत 15 नक्सलियों को मार गिराया है। सर्च अभियान के दौरान 15 डेडबॉडी के साथ भारी मात्रा में हथियार एवं दैनिक उपयोग के सामान बरामद किए गए।

### 15 नक्सलियों में से 11 की हुई पहचान

आईजी सीआरपीएफ साकेत कुमार ने बताया कि मारे गए 15 नक्सलियों में से 11 की पहचान हो चुकी है। अनल उर्फ पतिराम मांझी पर झारखंड सरकार ने 1 करोड़, ओडिशा सरकार ने 1 करोड़ 20 लाख और एनआईए ने 15 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।

अनमोल उर्फ सुशांत-25 लाख इनामी (झारखंड), 65 लाख इनामी (ओडिशा), (कुल कांड-149) पता-ग्राम बंसी टोला, थाना नावाडीह, जिला बोकारो, झारखंड।

अमित मुण्डा-15 लाख इनामी (झारखंड), 43 लाख इनामी (ओडिशा), 04 लाख इनामी (एनआईए), (कुल कांड-96), पता-ग्राम तमराना, थाना तमाड़, जिला-रांची।

पिन्टु लोहरा-5 लाख इनामी (झारखंड) (कुल कांड-47), पता-बारीसालडीह, थाना सोनाहातू, जिला रांची, झारखंड।

लालजीत उर्फ लालु-5 लाख इनामी (झारखंड), पता-धारणादिरी, थाना- किरीबुरू, जिला-चाईबासा।

राजेश मुण्डा-(कुल कांड-14), पता-ग्राम माईलपिड़ी, थाना अड़की, जिला-खूंटी।

बुलबुल अलदा-(कुल कांड-08), पता-ग्राम ईलीगढ़ा, थाना तांतनगर, जिला चाईबासा।

बबिता-(कुल कांड-16), पता-कोरर्रा, थाना कुचाई, जिला सरायकेला।


पूर्णिमा-(कुल कांड-05). पता-ईचागोडा, थाना गोईकेरा, जिला चाईबासा।

सूरजमुनी-जोंगा-(कुल कांड-01), पता-बोईपाई ससांग, थाना गोईलकेरा, जिला चाईबासा।

नक्सलियों के फायरिंग करने पर जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभाल लिया।

नक्सलियों के फायरिंग करने पर जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभाल लिया।

विशेष अभियान मेघाबुरू के दौरान मुठभेड़



सुरक्षाबल नक्सल विरोधी विशेष अभियान मेघाबुरू के तहत सारंडा के घने जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान जंगल में पहले से घात लगाए बैठे नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभाल लिया, जिसके बाद मुठभेड़ तेज हो गई।

**बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन जारी**-सारंडा का इलाका दुर्गम पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरा हुआ है, जहां नक्सलियों की लंबे समय से गतिविधियां रही हैं। जंगल के भीतर बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पूरे क्षेत्र को चारों ओर से घेर लिया गया है। कोल्हान प्रमंडल के छद्धत्त अनुरंजन किस्पोट्टा ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है।

### कोबरी-सार



# खबर छपते ही लगी पोल पर 4 हाई मास्क लाइट्स

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय चापटिया तलाई के पास स्थित राजकीय नवीन स्कूल के सामने वार्ड नं. 49 में लगी हाई मास्क लाइट अपनी जगह से गायब है। इस प्रकार का समाचार गुरुवार को दैनिक नवयत्न में छपने के साथ ही नगरपरिषद प्रशासन हरकत में आया। भाजपा नेता शिव भगवान चौहान ने बताया कि 3 महीने से यहां पर लाइट्स की बजाय केवल पोल खड़ा हुआ था। समाचार आने के साथ ही 4 लाइट्स लगी हैं। शिव भगवान चौहान ने मीडिया और नगरपरिषद प्रशासन का धन्यवाद जताया है।

# पार्षद की भूख हड़ताल जारी



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नगरपरिषद कार्यालय के सामने भाजपा पार्षदों का धरना लगातार जारी है। धरने पर भाजपा पार्षद रेंवतमल पंवार की भूख हड़ताल लगातार चौथे दिन गुरुवार को भी जारी रही। कनिष्ठ अभियंता को एपीओ किए जाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल की जा रही है। लगातार 18 वें दिन चल रहे धरने पर पन्नालाल सोनी, गणेश मण्डावरिया, प्रेम स्वामी, रविन्द्र पांडे, प्रदेश वाल्मीकि, हरीश ढेनवाल, बल्लू तेजी, महेश जोशी, नरेन्द्र प्रजापत सहित अनेक लोगों ने शिरकत की।

# अस्पताल में 6 कंप्यूटर सेट भेंट



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन के सफल संचालन हेतु बजरंगलाल, महावीर तापड़िया, सुप्रीम फाउण्डेशन जसवंतगढ़ द्वारा राजकीय बगड़िया अस्पताल में 6 कम्प्यूटर, सीपीयू, प्रिन्टर, यूपीएस सेट भेंट किये गये हैं। कार्यवाहक पीएमओ डॉ दिलीप सोनी ने इसके लिए भामाशाह का आभार जताया तथा भविष्य में जनहित के लिए इसी प्रकार सहयोग करने की अपेक्षा की। 6 कम्प्यूटर सेट की सहायता से फतेहपुरिया अस्पताल में, 4 चिकित्सकों के लिए बगड़िया अस्पताल में, दन्त रोग विभाग में 2 चिकित्सकों के कक्ष में आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन के अन्तर्गत डॉक्टर्स के ओपीडी कक्ष में मरीजो को ऑनलाईन प्रिस्कीप्सन दवा पर्ची का कार्य अतिशीघ्र शुरू किया जायेगा। इससे पहले सुप्रीम फाण्डेशन की ओर से आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन के अन्तर्गत 10 नर्सिंग ऑफिसर मय कम्प्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध करवाए गये, जो चिकित्सकों के ओपीडी कक्ष में ऑनलाईन प्रिस्कीप्सन दवा पर्ची का कार्य कर रहे है। अस्पताल परिसर में आयोजित सादे कार्यक्रम में सुप्रीम फाउण्डेशन के प्रतिनिधि जयसिंह, श्याम, मनोज सोलंकी, नर्सिंग अधीक्षक अन्नाराम गोदारा, बजरंगलाल वर्मा, लेखाधिकारी जगदीश प्रसाद, स्टोरकीपर प्रकाश पारीक, आईटी विभाग के सहायक प्रोग्रामर हरिकृष्ण बिस्सू, विश्वजीत सिंह, कमलेश मण्डावरिया, अमित कुमार सहित अनेक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# ग्राम सभा : जल आपूर्ति व सफाई व्यवस्था पर बड़े फैसले



निसं

**रींगस (नवयत्न)।** महरौली ग्राम पंचायत के राजीव गांधी सेवा केंद्र में गुरुवार को वार्ड पंच शंकर सिंह फौजी की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित हुई। इसमें ग्राम छीलावाली में जल जीवन मिशन के तहत डाली गई पाइपलाइन को लेकर गंभीर सवाल उठे। ग्रामीणों ने बताया कि महरौली के पीरका बास से छीलावाली की नालवाली ढाणी में मात्र दो-तीन घरों को जलदाय विभाग की टंकी से जोड़ दिया गया है जबकि अन्य ढाणियों में अब तक जल आपूर्ति शुरू नहीं हुई है, जो न्यायसंगत नहीं है। इस पर ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जब तक पूरे राजस्व ग्राम में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक इन कनेक्शनों को बंद रखा जाए। साथ ही गलत तरीके से कनेक्शन करने वालों के खिलाफकानूनी कार्रवाई का खर्च ग्राम पंचायत द्वारा वहन करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। सभा में सरपंच विमला देवी, ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र सैनी, प्रशासक प्रतिनिधि सुरेश झाझड़िया, पूर्व उपसरपंच राजू फौजी, मनोज झाझड़िया, गंगा सिंह, लालबहादुर सैनी, गजानंद सैनी, आर्यन, मोहनलाल सैनी, हजारीलाल सैनी, वार्ड पंच रामचंद्र, सुरेश झाझड़िया, दीपक, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जय सिंह, महेश, सत्येंद्र सिंह, मदन सिंह, मोहम्मद ईशाक खान, हनुमत सिंह, अशोक यादव, सुभाष सैनी, रामकिशोर देवंदा, बंशीधर देवंदा, झाबरमल झाझड़िया, सागरमल जाट, विनोद वर्मा, विक्रम सिंह, नरपत सिंह, राजेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, उदय सिंह, प्रेमचंद हरिजन, रवि हरिजन और सरिता मीणा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

**सैकड़ों ग्रामीणों का प्रदर्शन:** सभा के दौरान सैकड़ों ग्रामीण राजीव गांधी सेवा केंद्र पहुंचे और जल जीवन मिशन के तहत बिना सहमति किए गए कनेक्शनों के विरोध में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जलदाय विभाग पर गलत तरीके से कनेक्शन जोड़ने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की।सफाई व्यवस्था पर नाराजगी सभा में ग्राम पंचायत महरौली की दैनिक सफाई व्यवस्था की कड़ी आलोचना हुई। विशेषकर नालियों की सफाई नहीं होने पर आरके कंस्ट्रक्शन कंपनी भांकरोटा के अक्टूबर-नवंबर माह के भुगतान पर रोक लगाने, जुर्माना लगाने और शीघ्र नोटिस जारी कर व्यवस्था सुधारने का प्रस्ताव पारित किया गया।

**विकास कार्यों को मिली मंजूरी:** ग्राम सभा में नवसृजित ग्राम छीलावाली में पंचायत भवन निर्माण, वार्ड नंबर 5 में सार्वजनिक टंकी निर्माण, वार्ड नंबर 1 व 2 में पानी की सूचारू सप्लाई सहित कुल 10 प्रमुख विकास प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।

**यूडीएच मंत्री को ज्ञापन देने का निर्णय:** सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि शुक्रवार को महरौली में सड़क शिलान्यास समारोह के दौरान क्षेत्रीय विधायक एवं यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के समक्ष जल पाइपलाइन मामले को लेकर विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# पालिका की साधारण सभा की बैठक आयोजित

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी नगरपालिका परिसर में गुरुवार को पालिका की साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। पालिका अध्यक्ष गीता देवी सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर आगामी विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। पालिका अध्यक्ष गीता सैनी ने बताया कि नगरपालिका नेचर पार्क को विकसित करने के लिए 7 करोड़ रुपए की डीपीआर बनाकर निदेशालय भेजी गई है, जिसका आवंटन होने पर नेचर पार्क को विकसित किया जाएगा। इसके अलावा 4.91 करोड़ रुपए की लागत से कॉलेज से कोलिहान नगर तक बरसाती नाले की मरम्मत, तीन करोड़ रुपए की लागत से स्मृति वन को विकसित किया जाएगा। पांच करोड़ रुपए की लागत से पन्ना शाह तालाब व अन्य बांधों की मिट्टी छटाव का कार्य बजट आवंटन होने पर किया जाएगा। पालिका अध्यक्ष गीता सैनी ने बताया कि खेतड़ी के विकास को लेकर नगरपालिका की ओर से बेहतर कदम उठाए जा रहे है। खेतड़ी रियासत कालीन समय में पूरे विश्व में विख्यात थी लेकिन धीरे-धीरे खेतड़ी का अस्तित्व खतरे में आ गया था। सरकारों की उदासीनता के चलते खेतड़ी पर्यटन के रूप में विकसित नहीं हो पाई। अब खेतड़ी को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे है तथा जल्द ही खेतड़ी को पर्यटन के रूप में विकसित कर क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। स्वामी विवेकानंद व राजा अजीत सिंह की प्रेरणा से खेतड़ी विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। खेतड़ी का ऐतिहासिक अजीत विवेक संग्रहालय युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। इस दौरान बैठक में अधिशाषी अधिकारी नागरमल गुर्जर, पार्षद सुमित्रा देवी, प्रेमलता, अनिता, गोकुलचंद मेहरड़ा, निर्मला देवी, मोहम्मद हारून, सुनीता देवी, हरमेन्द्र चनानिया, किरण बाला, सुगनाराम, सोहनी देवी, रामकला, संगीता वर्मा, राहुल सैनी, लीलाधर सैनी, नगेंद्र सिंह सोढ़ा, वेणीशंकर, मोहनलाल, किशनलाल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# ज्ञापन : उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण में अनियमितताओं का आरोप

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवता के वार्ड नंबर 01 स्थित श्योलपुरा गांव में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण में अनियमितताओं सामने आई हैं। निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर मामले की जांच करवाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि भवन के शौचालय की नींव सही तरीके से नहीं भरी गई है तथा निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि भवन निर्माण के दौरान नींव में पीसीसी नहीं की गई है, इसके बावजूद ऊपर से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण में उपयोग की जा रही ईंटें घटिया गुणवत्ता की बताई जा रही हैं, वहीं सरिया भी मानक के अनुरूप नहीं है और काफी हल्का है, जिससे भवन की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान बीम भी नियमानुसार नहीं लगाए गए हैं। कई बार आपत्ति जताने के बावजूद कार्य नहीं रोका गया, जिससे भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि भवन को तोड़कर ग्रामीणों की मौजूदगी में निष्पक्ष जांच कराई जाए और उसके बाद ही नियमानुसार पुनः निर्माण कार्य कराया जाए। इस मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य चुन्नीलाल, पूर्व सरपंच हुक्मीचंद, मांगुराम, हरिराम तंवर, घीसाराम तंवर, नंदराम, मनरूप, लीलाधर तंवर, ईश्वर तंवर, सांवलराम, विजेन्द्र सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र जांच नहीं की गई तो मजबूरन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# राम मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित



निसं

**मुकुंदगढ़ (नवयत्न)।** कसेरू के श्री बालाजी मंदिर श्रीरामलला के आयोध्या में 500 वर्ष बाद पुनः विराजने के उपलक्ष्य में द्वितीय वर्षगाँठ पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। मंदिर परिसर को रंग बिरंगी रोशनी एवं फूलमालाओं से विशेष सजावट की गई। पुजारी मखन लाल स्वामी के आर्चात्व में प्रातः विशाल कलश यात्रा निकाली गई। बालाजी मंदिर से ठड्डे वाला बालाजी मंदिर तक निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं डीजे के भक्तिमय गीतों के साथ आगे बढ़ रहे थे। बाबा की ज्योत लेकर महाआरती शुरू हुई जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भोग लगाकर भण्डारा शुरू हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण की। बुधवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें जयपुर के भरत सिंह शेखावत एवं पार्टी ने एक से बढ़कर एक बालाजी महाराज की भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर अर्पित दतुसलिया, विक्रम स्वामी, जितेन्द्र जांगिड़, कृष्ण जांगिड़, अमित सैन, विकास नेहरा, राजेश स्वामी, अशोक सिंह शेखावत, मनोज चौधरी, शुभकरण स्वामी, संजीव पूनिया, विजेन्द्र जांगिड़, पंकज सैन, दिनेश सुरोलिया, सुवालाल सोनी, राधेश्याम सोनी, विद्याधर दतुसलिया, श्यामलाल जांगिड़, बनवारीलाल मुहाल, सवाई सिंह शेखावत, मुकेश दतुसलिया, गजानन्द दतुसलिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

# श्री राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष बने सुरेंद्र सिंह फौजी

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** श्री राजपूत करणी सेना द्वारा संगठनात्मक विस्तार के तहत सुरेंद्र सिंह निर्वाण उर्फ सुरेंद्र फौजी को झुंझुनू जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व वे नीमकाथाना जिले के जिला अध्यक्ष के रूप में संगठन की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। संगठन के प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार उनका कार्यकाल 22 जनवरी 2026 से 21 जनवरी 2027 तक निर्धारित किया गया है। सुरेंद्र सिंह फौजी वर्ष 2015 में भारतीय सेना की राजपूताना राइफल्स की 5वीं बटालियन से सेवानिवृत्त हुए हैं। वे कारगिल युद्ध में देश के लिए मोर्चे पर डटे रह चुके हैं। सैन्य सेवा के बाद भी वे सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं और खेतड़ी सहित झुंझुनू जिले में लंबे समय से जनसमस्याओं को लेकर कार्य कर रहे हैं। कोरोना महामारी के दौरान भी उन्होंने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाई। राहत एवं सेवा कार्यों में भागीदारी के साथ-साथ जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने के प्रयासों में वे जुड़े रहे। इसके अतिरिक्त वे पीड़ित एवं शोषित वर्ग से जुड़े मामलों में भी समय-समय पर सक्रिय हस्तक्षेप करते रहे हैं। नियुक्ति के बाद सुरेंद्र फौजी ने श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वे जिला स्तर पर करणी सेना का विस्तार करेंगे तथा समाज से जुड़ी समस्याओं को संगठित रूप से उठाने का कार्य करेंगे। सुरेंद्र फौजी की नियुक्ति के बाद समाज एवं राजनीति से जुड़े लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। संगठन पदाधिकारियों ने उनके अनुभव को जिले के लिए उपयोगी बताया है।

# ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मृत्यु

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** गुरुवार सुबह दिल्ली-जोधपुर एक्सप्रेस ट्रैन के आगे आने से सुजानगढ़ छापर रेलवे ट्रेक पर एक महिला की मृत्यु हो गई। आर पी एफ के इंचार्ज रविंद्र सिंह और हेड कांस्टेबल सुमेर सिंह की सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक सिकंदर, बबलू आदि रेलवे स्टेशन पहुंचे तथा शव को सुजानगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। सुजानगढ़ कोतवाली थाने के हेड कांस्टेबल जगदीश जाखड़ मौके पर पहुंचे। उक्त महिला की शिनाख्त कमला पत्नी मदनलाल ढोली, उम्र 60 वर्ष, निवासी सम्राट छापर रेलवे ट्रेक के पास सुजानगढ़ के रुप में उनके परिवारजनों ने की। गुरुवार सुबह ही वो घर से निकली थी जो पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गयी। ट्रेन के गार्ड ने शव को सुजानगढ़ रेलवे प्लेटफार्म तक पहुँचाया। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# सनातन धर्म मंदिर का स्थापना दिवस आज, भंडारा 25 को

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** श्री सनातन धर्म समिति द्वारा शुक्रवार को बसंत पंचमी के अवसर पर सनातन धर्म मंदिर का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। समिति महामंत्री अभिषेक पारीक एवं मंदिर मंत्री विमल शर्मा ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर सनातन धर्म मंदिर का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। शुक्रवार सुबह सवा नौ बजे मंदिर प्रांगण में हवन का आयोजन किया जाएगा। स्थापना दिवस के उपलक्ष में रविवार दोपहर सवा बारह बजे विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

# ज्ञापन : वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश न्यायालय खुलवाने की मांग

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** अभिभाषक संघ तारानगर ने जिला एवं सैशन न्यायाधीश, चूरू को ज्ञापन देकर तारानगर मुख्यालय पर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश न्यायालय खुलवाने की मांग की है। अभिभाषक संघ तारानगर के अध्यक्ष एडवोकेट प्रभुदयाल सहारण ने बताया कि तारानगर जिला चूरू में सन् 1986 में सिविल न्यायाधीश का न्यायालय सृजित हुआ था जिसको सृजित हुये 40 वर्ष हो गये हैं तथा उक्त न्यायालय में वर्तमान में फौजदारी प्रकरण 2832 व सिविल प्रकरण 542 कुल 3374 प्रकरण विचाराधीन है लेकिन बेदखली, किराया नियंत्रण अधिनियम तथा आर्थिक क्षेत्राधिकार सम्बंधी प्रकरणों से सम्बधित मामलों के लिये तारानगर न्याय क्षेत्र के पक्षकारों को ए.सी.जे.एम. कोर्ट राजगढ़ जाना पड़ता है। भौगोलिक दृष्टि से तारानगर क्षेत्र के गांवों की दूरी राजगढ़ तक 120-125 किलोमीटर तक है जिसके कारण भी तारानगर क्षेत्र के न्यायार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है एवं न्याय प्राप्ति में अत्यधिक खर्च वहन करना पड़ता है।

वर्तमान में तारानगर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के अधीन पुलिस थाना तारानगर, साहवा तथा भालेरी का एक तिहाई हिस्सा व आबकारी वृत चूरू व राजगढ़ थाने है इसलिये उक्त न्यायालय पर मुकदमों का अत्यधिक भार है जिससे तारानगर मुख्यालय पर अलग से वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश न्यायालय खोले जाने की महति आवश्यकता है तथा एक ही सिविल न्यायालय होने से पक्षकारों तथा अधिवक्तागणों को न्याय प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है इसलिये अगर आप राजस्थान उच्च न्यायालय तथा विधि सचिव जयपुर को उक्त मांग के सम्बंध में गम्भीरता पूर्वक विचार कर तथा अभिशंषा की जाकर तारानगर मुख्यालय पर अलग से वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश न्यायालय खोला जाता है तो पक्षकारों को न्याय प्राप्ति में सुविधा होगी तथा उक्त उक्त न्यायालय हेतु अस्थाई भवन न्यायालय परिसर में स्थित पक्षकार प्रतिक्षालय तथा वार रूम उपलब्ध करवा दिये जावेगें। अतः अभिभाषक संघ तारानगर की ओर से करबद्ध प्रार्थना है कि अभिभाषक संघ तारानगर की उक्त मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर तारानगर मुख्यालय पर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश न्यायालय खुलवाने हेतु मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय तथा विधि सचिव, राजस्थान सरकार जयपुर को अभिशंषा करने की कृपा करें ताकि तारानगर न्याय क्षेत्र के पक्षकारान व अधिवक्तागण को उक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश न्यायालय का लाभ मिल सके। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष एडवोकेट प्रभुदयाल सहारण, एडवोकेट महेंद्र यादव, एडवोकेट योगेश जैन, एडवोकेट विकास सोनी, एडवोकेट अमित चारण आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

# शर्मा खेतड़ी तहसील महामंत्री नियुक्त



निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** खेतड़ी निवासी ब्रजमोहन शर्मा को सर्व ब्राह्मण एकता मंच का खेतड़ी महामंत्री नियुक्त किया गया है। मंच के राष्ट्रीय संयोजक अशोक शर्मा, सहसंयोजक अनिल जैमन एवं युवा जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा की अनुशंसा पर ब्रजमोहन शर्मा को खेतड़ी तहसील महामंत्री बनाया गया है। ब्रजमोहन शर्मा की नियुक्ति पर सर्व ब्राह्मण समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। समाज के लोगों एवं पदाधिकारीयों ने बृजमोहन शर्मा को बधाई देकर समाज को नई दिशा प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा, वरिष्ठ जिला अध्यक्ष अमित शर्मा, आदि ने बधाई दी।

# बोस जयंती की पूर्व संध्या पर हजारों विद्यार्थियों ने निकाला पथ संचलन

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय श्री रामगोपाल गाड़ोदिया उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर व श्रीमती सुरजकुमारी गाड़ोदिया एवं गोपालकृष्ण शास्त्री आदर्श विद्या मंदिर स्कूल द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर नगर के मुख्य मार्गों पर भव्य पथ संचलन निकाला गया। संचलन को विद्यालय से स्थानीय समिति के अध्यक्ष भानीराम प्रजापत कोषाध्यक्ष अभिषेक पोद्दार, हनुमानप्रसाद प्रजापत, श्यामनारायण राठी, व्यवस्थापक राजेन्द्र पथानिया, अंकित, प्रेमप्रकाश तूनवाल, भारतभूषण तूनवाल, आदित्य कंदोई, श्यामसुंदर क्याल, रामरतन बोचिवाल, वीणा भोजक, विकास चौहान, प्रधानाचार्य पवन कुमार पारीक, अमित मूंधड़ा, पुष्पा शेखावत, दीपा टेलर, बसंती सोमानी, राजकुमारी शर्मा, रामकरन पारीक, जयनारायण प्रजापत, शिवरतन शर्मा, गणपतराम, विशाल जैन ने ओम पताका फहराकर रवाना किया। संचलन का पीसीबी स्कूल के सामने त्रिवेणी संगम हुआ। जहां हजारों विद्यार्थियों का भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, जिला मंत्री पवन माहेश्वरी, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, एडवोकेट मनीष दाधीच, भाजपा नेता शिव भगवान चौहान, श्रवणसिंह, यशोदा प्रजापत, गौरव इंदौरिया, मुरारी, पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा सहित अनेक लोगों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। उसके बाद घंटाघर होते हुए विद्यालय में समापन हुआ। शहर के विभिन्न संगठनों ने पुष्प वर्षा कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। संचलन में सुभाष चंद्र बोस, रामदरबार, रानी लक्ष्मीबाई की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्यों एवं भैया-बहनों का सहयोग रहा।

# आज आयोजित होंगे फुड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय की ओर से शुक्रवार को चाकसू ब्लॉक स्थित शिवदासपुरा कस्बे के मोदी मोहल्ला में और मानसरोवर में पत्रकार कॉलोनी स्थित केसर चौराहा मुहाना रोड पर फुड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में खाद्य व्यापारियों के फुड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि शुक्रवार प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होने वाले शिविरों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन बनाकर वितरित करने के साथ ही व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 में निहित प्रावधानों की जानकारी प्रदान की जाएगी। इसमे खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा किराना मिठाई, होटल, डेयरी, रेस्टोरेंट, हलवाई, केटरिंग व्यापारियों, फास्ट फुड, चाट, पकौड़ी, फल, सब्जी का ठेला, स्टॉल लगाने वाले विक्रेताओं के आवेदन ऑनलाइन कर मौके पर ही लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन जारी किए जाएंगे। शिविरों के दौरान एमएफटीएल मोबाइल फुड टेस्टिंग लैब ऑन व्हील्स के माध्यम से आमजन को खाद्य पदार्थों की शुद्धता, गुणवत्ता एवं मिलावाट के संबंध मे जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही आमजन के लिए खाद्य पदार्थों की जाँच करवाने की सुविधा मौके पर ही उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि शिविरों मे जिन खाद्य कारोबारकर्ता का वार्षिक टर्न ओवर 12 लाख से कम है, उनका फुड रजिस्ट्रेशन जारी किया जाएगा। उन्हें फुड रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दस्तावेज के रूप मे आधार कार्ड, पेन कार्ड की फोटो कॉपी एवं स्वयं की एक पासपोर्ट साइज की फोटो साथ लानी अनिवार्य है। जिन खाद्य कारोबारकर्ता का वार्षिक टर्न ओवर 12 लाख से ज्यादा है, उन्हे फुड लाइसेंस के लिए आधार कार्ड की कॉपी, पेन कार्ड, बिजली बिल, जीएसटी रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता होगी। इन शिविरों का लाभ उठाकर कोई भी व्यापारी लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन के बिना नहीं रहे। ध्यान रखें कि बिना लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन खाद्य सामग्री बेचना गैर कानूनी है। इसके लिए सजा व जुर्माने का प्रावधान है।

# एस. एस. मोदी में चार दिवसीय एआई हैकाथॉन का समापन

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के गौरव पथ पर स्थित एस एस मोदी विद्या विहार में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में चल रहे चार दिवसीय एआई हैकाथॉन कार्यक्रम में एआई हैकाथॉन प्रशिक्षण सत्र उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर एआई तकनीकी प्रशिक्षण संस्था कॉग्रेड के अनुभवी प्रशिक्षक रवि, आयुष, विनिता यादव द्वारा विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक डिजिटल तकनीकों का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल इनोवेशन, फाइनेंशियल लिटरेसीए उद्यमिता तथा उभरती हुई आधुनिक तकनीकों से संबंधित विस्तृत और व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। इस चार दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पारंपरिक पाठ्यक्रम तक सीमित न रखते हुए उन्हें भविष्य के लिए पूरी तरह तैयार करना है। आज के समय में जब तकनीक तेजी से बदल रही है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जीवन के हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, ऐसे में विद्यालय स्तर पर ही छात्रों को इन विषयों से परिचित कराना अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसी सोच के साथ एस. एस. मोदी विद्या विहार द्वारा इस हैकाथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली एआई एवं इनोवेशन आधारित शिक्षा प्रदान की गई। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा सरल भाषा और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्या है, यह कैसे कार्य करता है और इसका उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किस प्रकार किया जा सकता है। छात्रों को यह भी समझाया गया कि आने वाले समय में एआई आधारित स्किल्स किस प्रकार रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर पैदा करेंगी। इसमें विद्यार्थियों को एआई टूल्स का प्रत्यक्ष और हैंड्स-ऑन अनुभव प्रदान किया गया। छात्रों ने विभिन्न आधुनिक एआई टूल्स के माध्यम से स्वयं प्रोजेक्ट्स पर काम किया और यह जाना कि वास्तविक जीवन की समस्याओं को तकनीक के माध्यम से कैसे हल किया जा सकता है। इस दौरान विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, तार्किक क्षमता और समस्या समाधान की भावना का विकास स्पष्ट रूप से देखने को मिला। कार्यक्रम के अंतर्गत वेब और ऐप डेवलपमेंट पर भी विशेष सत्र आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन बनाने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया और उन्हें यह सिखाया गया कि किस प्रकार एक विचार को डिजिटल प्रोडक्ट में बदला जा सकता है। छात्रों ने स्वयं छोटे-छोटे वेब और ऐप प्रोजेक्ट्स तैयार किए, जिससे उनमें तकनीकी दक्षता के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ा। हैकाथॉन के दौरान स्टार्टअप और उद्यमिता को भी विशेष महत्व दिया गया। विद्यार्थियों को यह समझाया गया कि किसी नए विचार को स्टार्टअप के रूप में कैसे विकसित किया जाता है, बाजार की आवश्यकता को कैसे पहचाना जाता है और किस प्रकार नवाचार के माध्यम से समाज की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। इन सत्रों ने विद्यार्थियों में उद्यमी सोच को प्रोत्साहित किया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित किया। आज के एआई युग में प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग एक महत्वपूर्ण कौशल बन चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए हैकाथॉन के दौरान विद्यार्थियों के लिए प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग की विशेष मास्टर क्लास आयोजित की गई। इस सत्र में विद्यार्थियों को यह सिखाया गया कि किस प्रकार सही और प्रभावी निर्देश देकर एआई से बेहतर और सटीक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। इस ज्ञान से विद्यार्थियों को एआई के साथ अधिक प्रभावी ढ़ंग से कार्य करने की समझ मिली। कार्यक्रम में सोशल मीडिया मैनेजमेंट को भी एआई से जोड़कर प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से सोशल मीडिया कंटेंट तैयार किया जा सकता है, पोस्ट शेड्यूलिंग की जा सकती है और एनालिटिक्स के माध्यम से ऑडियंस की समझ विकसित की जा सकती है। यह जानकारी विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी रही, विशेषकर उन छात्रों के लिए जो डिजिटल मार्केटिंग और कंटेंट क्रिएशन के क्षेत्र में रुचि रखते हैं। चार दिवसीय आयोजन में फाइनेंशियल लिटरेसी और निवेश से संबंधित सत्रों का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को पैसे की सही समझ, बचत की आदतए निवेश के मूल सिद्धांत और वित्तीय योजना के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही यह भी समझाया गया कि किस प्रकार एआई का उपयोग करके वित्तीय निर्णयों को अधिक सटीक और सुरक्षित बनाया जा सकता है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को कम उम्र से ही आर्थिक रूप से जागरूक बनाया जा सकता है। हैकाथॉन के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने टीमों में काम करना सीखा, अपने विचार साझा किए और सीमित समय में समाधान प्रस्तुत करने का अनुभव प्राप्त किया। यह अनुभव विद्यार्थियों के लिए एक वास्तविक प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण लेकर आया, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सके। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रतिभागियों के प्रोजेक्ट्स का प्रोफेशनल तरीके से मूल्यांकन किया गया। विशेषज्ञों द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर स्कोरिंग की गई और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विजेता घोषित किया गया। विजेताओं को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कोग्रैड के निर्णायक मंडल में उपस्थित हुए संजय मोदी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सांचैर निवासी 20 वर्षीय युवा उद्यमी नियरबुक के संस्थापक है। नियरबुक की शुरुआत 2020 में एक सरल लेकिन प्रभावशाली उद्देश्य के साथ की गई। भौतिक पुस्तकों को सभी के लिए किफायती और सुलभ बनाना। नियरबुक एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो किताबों के खरीदारों और विक्रेताओं को आपस में जोड़ता है, जिससे पाठकों को कम कीमत पर किताबें उपलब्ध हो सकें और विक्रेताओं को नया बाजार मिले। संजय मोदी ने कहा कि ज्ञान तक पहुंच हर व्यक्ति का अधिकार है और तकनीक के माध्यम से इसे और आसान बनाया जा सकता है। समापन समारोह के दौरान विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कोग्रैड टीम का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से कोग्रैड टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रबंधन ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के साथ-साथ उनमें नवाचार, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की भावना का विकास करते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी कहा कि आज की शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रह सकती। विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ना समय की आवश्यकता है और ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्र न केवल ज्ञान अर्जित करते हैं, बल्कि उसे व्यावहारिक रूप में उपयोग करना भी सीखते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के आधुनिक और उपयोगी कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस चार दिवसीय एआई हैकाथॉन ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच सकारात्मक प्रभाव छोड़ा। अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस हैकाथॉन से उन्हें नई तकनीकों को समझने और भविष्य की दिशा तय करने में मदद मिली है। यह एआई हैकाथॉन शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में सामने आया है। यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि यदि विद्यालय आधुनिक तकनीक और नवाचार को शिक्षा से जोड़ें, तो विद्यार्थी न केवल अकादमिक रूप से बल्कि व्यावहारिक और मानसिक रूप से भी मजबूत बन सकते हैं। कार्यक्रम का समापन उत्साह, सकारात्मक ऊर्जा और भविष्य के प्रति नए विश्वास के साथ किया गया। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकान्त मोदी, गीलुराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी व कनिका मोदी ने एआई हैकाथॉन की सफलता पर बधाई संदेश प्रेषित किया।

## भगवत जिनेन्द्र महा अर्चना महोत्सव 25 से



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान महावीर के बाद जैन धर्म के प्रमुख व्रत सिंहनिष्क्रीडित व्रत के अंतर्गत 557 दिनों की लगातार मौन साधना, 12 हजार से अधिक उपवास तथा निराहार मौन साधना करने वाले प्रसिद्ध दिगम्बर जैन संत आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ससंघ का आठ वर्ष बाद जयपुर में मंगल आगमन हुआ है। आचार्य श्री ससंघ के सानिध्य में मानसरोवर स्थित शिप्रा पथ वीटी रोड पर आठ दिवसीय भगवत जिनेन्द्र महा अर्चना महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 25 जनवरी को प्रात: 10 बजे भव्य जिनेश्वरी दीक्षा महोत्सव संपन्न होगा। आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। महोत्सव के तहत आयोजित होने वाले जिनेश्वरी दीक्षा एवं आठ दिवसीय भगवत जिनेन्द्र महा अर्चना महोत्सवकृविश्व शांति महायज्ञ अनुष्ठान के पोस्टर का विमोचन दुर्गापुरा स्थित गायत्री नगर जैन मंदिर में जैन समाज के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह महोत्सव आध्यात्मिक साधना, धर्म जागरण और विश्व शांति के संकल्प के साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

## बुढ़िया बालाजी धाम में भंडारा आयोजित



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के हरनारायन की ढ़ाणी बुढ़िया बालाजी धाम चिड़ासन के तन में स्थित मंदिर में द्वीप प्रजजवलित कर के पुजा अर्चना की गई और पुष्प अर्पित किए उसके बाद हवन आहुतियाँ दी गई। मंदिर के पुजारी मुकेश कुमार ने सबको फलों का प्रसाद वितरण किया। उसके बाद मंदिर में पंगत प्रसाद शुरू हुआ जिसमें हजारो की तादाद में भक्त जनो ने प्रसाद पाया और बालाजी के मंदिर मे धोक लगाकर परिवार के लिए खुशहाली के लिए मन्नत मांगी। हरनारायन की ढ़ाणी बुढ़िया बालाजी धाम पर यह प्रसाद तीसरी वर्ष गांठ पर लगातार वितरण किया जा रहा है। पंगत प्रसाद के मौके पर भगत मुकेश कुमार, ओमप्रकाश महला, मनीराम महला, परमानंद, उपाध्यक्ष आशीष महला, अनीता महला, प्रियंका, चंचल, प्रियांशी, जगमाल, विजय, जयप्रकाश, सोनिया महला एसज्जन महला, रामसिंह, लेखुराम, सुल्तान, रामकुवार, जुगलाल, रघुवीर, सहायक अभियंता राजवीर एमंदरूप, चंदगी महला, बनवारी लाल, कुलदीप श्योराण आदि मौके पर उपस्थित थे।

## विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** प्रताप बस्ती के शक्ति दादी मंदिर में विराट हिन्दू सम्मेलन के आयोजन के संदर्भ में गुरुवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में सम्मेलन के सुचारु एवं भव्य आयोजन हेतु आयोजन समिति एवं संचालन समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर प्रताप बस्ती के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उपस्थितजनों ने सम्मेलन को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए अपने बहुमूल्य विचार एवं सहयोग प्रदान किया। सभी के सामूहिक प्रयासों से यह सम्मेलन समाज को एक नई दिशा और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करेगा।

## एयू जयपुर मैराथन एक फरवरी को : टी-शर्ट, मेडल और 7 फीट ऊँची रनिंग ट्रॉफी हुई लॉन्च

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हर साल की तरह इस बार भी जयपुर दौड़ते कदमों का उत्सव मनाने जा रहा है। संस्कृति युवा संस्था, वर्ल्ड ट्रेड पार्क द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और राजस्थान टूरिज्म के सहयोग से आयोजित एयू जयपुर मैराथन के 17वें संस्करण ने अब पूरी रफ्तार पकड़ ली है और एयू जयपुर मैराथन दौड एक फरवरी को आयोजित होगी। इसी उत्साह के साथ मैराथन के टी-शर्ट, मेडल लॉन्च और ट्रॉफी लॉन्च किए गए। इस मौके पर मिस राजस्थान की ब्यूटी पेजेंट्स द्वारा धावकों के लिए खास तौर पर डिजाइन की गई स्टाइलिश टी-शर्ट का अनावरण किया गया, जिसने खिलाड़ियों और युवाओं में जबरदस्त ऊर्जा और उत्साह भर दिया। मैराथन की टीशर्ट और ट्रॉफी जयपुर सांसद मंजू शर्मा द्वारा लॉन्च की गई, जहां संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं सुरेश मिश्रा, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के कलेक्शन हेड सुमित शर्मा, आवास फाइनेंस के सीएफओ घनश्याम रावत, आईएनए सोलर के एमडी विकास जैन, जयपुर की पूर्व, महापौर ज्योति खंडेलवाल,




जयपुर के निवर्तमान उपमहापौर पुनीत कर्णावट, आइपीएस ज्योति सतीजा, एनएवी इंडिया के चेयरमैन अनिल अग्रवाल, संस्कृति युवा संस्था के पैट्रन एचसी गणेशिया, जयपुर रनर्स क्लब के सह संस्थापक रवि गोयनका और प्रेसिडेंट प्रवीण तिजारिया, मिस राजस्थान के डायरेक्टर योगेश मिश्रा, एयू जयपुर मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे। टीशर्ट लॉन्च मिस फ्यूजन इंडिया 2025 अदिति शर्मा, मिस राजस्थान 2025 फर्स्ट रनर अप मीनाक्षी छापोला, मिस ओरिएंट टूरिड़म इंडिया औरा विरमानी 2026, मिसेज राजस्थान 2025 निधि शर्मा, मिस ग्लोब इंडिया रनर अप गौरवंवी शर्मा, मिस ओशन इंडिया रनर अप इशिता सामोदिया, मिसेज राजस्थान 2025 फर्स्ट रनर अप ललिता नेहरा, मिस फ्यूजन इंडिया रनर अप, रवीना सैनी तथा मिस राजस्थान फाइनलिस्ट सिमरन कर्णावट, रौनक चौधरी और पियूषी योगी द्वारा किया गया। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं सुरेश मिश्रा ने बताया कि एयू जयपुर मैराथन के 17वें संस्करण में इस साल खास तौर पर डिजाइन की गई नई टी.शर्ट और मेडल लॉन्च किए गए हैं, जो हर धावक की मेहनत और उपलब्धि का प्रतीक हैं। साथ ही परंपरा के रूप में 7 फीट ऊँची रनिंग ट्रॉफी भी पेश की गई है, जो हर साल विजेता से विजेता तक पहुंचेगी। एयू जयपुर मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा ने कहा कि एयू जयपुर मैराथन सिर्फ एक दौड़ नहीं, एक जनआंदोलन है। इस बार अलग.अलग कैटेगरीज में लाखों लोग हिस्सा लेने जा रहे हैं। हर साल की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एक बार फिर वर्ल्ड रिकॉर्ड अटेम्प्ट किया जाएगा क्योंकि यहाँ हर कदम इतिहास बनाता है। मैराथन को सफल बनाने की कड़ी में 25 जनवरी को प्रोमो रन तथा 27 जनवरी को टॉर्च सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। एयू जयपुर मैराथन को एक यादगार अनुभव बनाने के लिए शहरभर में बूट कैंप्स का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ अनुभवी और प्रोफेशनल ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को फिटनेस, स्टैमिना और सही रनिंग टेक्नीक की ट्रेनिंग दी जा रही है। गौरतलब है कि एयू जयपुर मैराथन में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जारी है और इच्छुक प्रतिभागी मैराथन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

## सात दिवसीय भागवत कथा व पंच कुंडीय रुद्र अन्नपूर्णा महायज्ञ संम्पन्न



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** श्री राजलदेसर गौशाला के पास स्थित भोला बाबा बगीची में ब्रह्मलीन जसनाथी संत पुष्कर नाथ महाराज की 20 बरसी पर आयोजित भागवत कथा व पंच कुंडीय रुद्र अन्नपूर्णा यज्ञ का आयोजन बगीची महंत सोमनाथ महाराज, संत सुरजीत नाथ महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है । आज यज्ञ व कथा की पूर्णाहुति हुई। नापासर के पंडित केदार जोशी ने कथा के अंतिम भगवान श्रीकृष्ण के परम सखा सुदामा चरित्र, महर्षि शुकदेव जी की विदाई तथा व्यासजी पूजन के प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथा वाचक ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे ब्राह्मण सुदामा की एक मुट्ठी चावल की भेंट को भगवान श्रीकृष्ण ने अमूल्य प्रेम के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने ठाकुर जी के वचन सखा तेरी भेंट मेरे लिए अमृत समान है, का उल्लेख किया। संत सुरजीत नाथ ने बताया कि सात दिनों तक अनेकों भक्तों ने कथा का रसपान किया तथा एक लाख 61 हजार यज्ञ में आहुति दी गई । धार्मिक अनुष्ठान में राजलदेसर ही नहीं अपितु दूर दराज से भक्तगण पहुँचे । बगीची के सेवादारो ने आए हुए भक्तों के लिए खाने पीने, रहने की सम्पूर्ण व्यवस्था की गई थी । आज सुबह संतों की विदाई होगी तथा हजारों की संख्या में भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया । इस अवसर पर संत प्रेमनाथ, संत काननाथ, संत मनोहर नाथ, संत किशन नाथ, संत नंदीनाथ, शिवालय पुजारी रामचंद्र शर्मा भागवत यजमान गिदाराम सुथार, नौरतमल नाई, जयचंद तिवाड़ी, बाबूलाल तिवाड़ी, बाबूलाल शर्मा, राजू शर्मा नापासरएव भवानी मंत्री, हनुमान माली, कमलदान चारण, भगवानदास स्वामी, पवन झेडू, गिरधारी सिंह राठौड, रमेश पारीक, ओमप्रकाश कटारिया, मदन दाधीच, नंदू माली, सीताराम जाट, शिवभगवान सोनी, हीरालाल प्रजापत, गिरधारी कटारिया, गोविंद माली, रामनिवास, मोतीलाल खाटीवाल, दिनेश, श्याम सुंदर सैनी, महेंद्र प्रजापत आदि ने भागवत पुराण की पूजा अर्चना की।

## वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** पीएमश्री बाबा छोटूनाथ जी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नोखा में वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता मघाराम कुलरिया ने की और मुख्य अतिथि के तौर पर सीबीईओ शिवनारायण भादू मौजूद रहे। एनसीसीएएनएसएसएस्काउट एवं खेलकूद में उत्कृष्ट रहने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। बोर्ड व स्थानीय परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय स्टॉफ द्वारा बाहर से पधारे हुए सभी भामाशाहों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके योगदान के लिए सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य नारायण दत्त ने वर्ष भर में आयोजित गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और आये हुये सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सुरेन्द हीरावत, सीताराम पंचारिया, राजेन्द्र सिंह राठौड़, जेठाराम कुमावत, जगदीश मांझू, ओमप्रकाश भाम्भू, ओमप्रकाश भादू, मांगीलाल धामा, पुखराज एवं अन्य अतिथि तथा समस्त विद्यालय स्टॉफ उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन मनोज प्रजापत व मनोज गुणपाल ने किया।

## लक्ष्मी देवी बनी जिलाध्यक्ष

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए लक्ष्मी देवी प्रजापति को झुंझुनू जिले की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति समाज सेवा के प्रति उनके पुराने समर्पण और कर्तव्य.निष्ठा को देखते हुए सर्वसम्मति से की गई है। महासभा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. आरसी कुमावत, संरक्षक भैंरूलाल प्रजापति और प्रदेश महामंत्री राजकुमार लोहरवाड़िया ने विश्वास जताया कि लक्ष्मी देवी के नेतृत्व में जिले की महिलाएं संगठित होंगी और समाज के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगी।

## अपशिष्ट जल उपचार पर कार्यशाला आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग, मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एमएनआईटी जयपुर द्वारा हस्तनिर्मित कागज उद्योग में परिपत्र अर्थव्यवस्था के लिए विकेन्द्रीकृत बायोचार-आधारित अपशिष्ट जल उपचार विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला एमएनआईटी जयपुर, लॉफबरो विश्वविद्यालय यूके तथा कुमारप्पा राष्ट्रीय हस्तनिर्मित कागज संस्थान केएनएचपीआई जयपुर के संयुक्त सहयोग से आयोजित हुई। कार्यक्रम का समन्वय प्रो. मधु अग्रवाल एमएनआईटी एवं डॉ. मार्क लीपर लॉफबरो विश्वविद्यालय ने किया। तकनीकी सत्रों में डॉ. डी. बी. दास लॉफबरो विश्वविद्यालय एवं डॉ. साक्षी केएनएचपीआई का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उद्घाटन एवं सत्रों में प्रो. दिलीप शर्मा डीन, अंतरराष्ट्रीय एवं एलुमनाई अफेयर्स, प्रो. ए. बी. गुप्ता, डॉ. राजीव कुमार दोहरे विभागाध्यक्ष, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग तथा प्रो. मधु अग्रवाल उपस्थित रहे। वक्ताओं ने पारंपरिक एवं लघु उद्योगों के लिए सतत, किफायती और विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार की आवश्यकता पर जोर दिया। सांगानेर के हस्तनिर्मित कागज उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों ने क्षेत्रीय अनुभव साझा किए। पीएचडी शोधार्थियों एवं परास्नातक विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से संवाद और चर्चाएँ समृद्ध रहीं।

कार्यशाला ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग, उद्योग-शैक्षणिक सहभागिता और हस्तनिर्मित कागज क्षेत्र में सतत परिपत्र अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## गायत्री शक्ति पीठ में बसंत पंचमी महोत्सव का आगाज

### 13 घंटे तक गूंजा गायत्री मंत्र

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर आयोजित दो दिवसीय विशेष धार्मिक अनुष्ठान का गुरुवार को श्रद्धाभाव के साथ शुभारंभ हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहाए जहाँ सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सुबह सात बजे से लेकर रात्रि आठ बजे तक अनवरत मौन माला जाप का आयोजन किया गया। इस दौरान साधकों ने पूर्ण अनुशासित होकर विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना के साथ मंत्र साधना की। शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में परिजनों ने सामूहिक रूप से अपनी साधना की आहुति दी। मौन साधना के इस पुनीत अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य परिजनों ने सहभागिता की। जिनमें बनवारीलाल अरड़ावतिया, रामनिवास सैनी, गौतम लाल शर्मा और चम्पालाल जांगिड़, राजीव व्यास, सत्यनारायण सैनी, संदीप कुमार सैनी और विद्याधर सोनी, महिलाओं में गायत्री देवी शर्मा, मधुबाला जांगिड़, रेखा सैनी, त्रिवेणी अरड़ावतिया और शारदा सोनी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने माला जाप किया।



### आज होगा विशेष यज्ञ अनुष्ठान

शक्ति पीठ के सेवादारों ने बताया कि बसंत पंचमी महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह यज्ञ सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू होगा। बसंत पंचमी को मां सरस्वती के प्राकट्य उत्सव और गायत्री परिवार के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसलिए इस दिन विशेष आहुतियां प्रदान की जाएंगी।

## सम्पादकीय

### मुफ्त की रेवड़ियां, कब लगेगी लगाम सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई



यह स्वागतयोग्य है कि सुप्रीम कोर्ट उस जनहित याचिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उसकी सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया, जिसमें मांग की गई है कि देश पर बढ़ते कर्ज को देखते हुए राजनीतिक दलों की ओर से की जाने वाली लोकलुभावन घोषणाओं का संज्ञान लिया जाए। वैसे तो सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पहले भी यह मामला सामने आ चुका है और उसने चुनाव आयोग को इस संदर्भ में कुछ निर्देश भी दिए थे, लेकिन उनसे बात बनी नहीं।

इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि राजनीतिक दल चुनाव आते ही जनता को लुभाने के लिए जनकल्याण के नाम पर मुफ्त में सुविधाएं और रियायत देने वाली घोषणाएं करने लगते हैं। कुछ दल तो सीधे-सीधे धन देने की घोषणा भी करने लगे हैं। चूंकि ऐसी घोषणाएं चुनाव जीतने में सहायक बनने लगी हैं, इसलिए उनका सिलसिला तेज होता जा रहा है। एक समय जो काम तमिलनाडु में होता था, वह अब शेष देश में भी होने लगा है।

स्थिति यह है कि जो भाजपा लोकलुभावन योजनाओं को मुफ्त की रेवड़ी बताती थी, वह भी ऐसी योजनाओं की घोषणा करने लगी। मुफ्त की योजनाएं यह कहकर शुरू की जाती हैं कि इससे निर्धन-वंचित तबके को लाभ मिलेगा और उनका आर्थिक उत्थान होगा, लेकिन यह देखने में आ रहा है कि ऐसी योजनाएं न केवल सरकारी खजाने पर बोझ बनती हैं, बल्कि निर्धन वर्गों को सरकार पर निर्भर भी बनाती हैं।

नि:संदेह भारत जैसे निर्धन आबादी वाले देश में सरकारों को गरीब एवं वंचित लोगों की चिंता करनी होगी और उनके आर्थिक उत्थान के लिए कुछ विशेष प्रयत्न भी करने होंगे, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं हो सकता कि जनकल्याण के नाम पर आर्थिक नियमों की अनदेखी कर दी जाए। फिलहाल ऐसा ही हो रहा है।

लोकलुभावन घोषणाओं पर लगाम लगाने के लिए पहली आवश्यकता तो इसकी है कि इसे परिभाषित किया जाए कि वास्तविक जनकल्याण क्या है और सरकारों को उसे कैसे करना चाहिए? ऐसी किसी योजना को जनकल्याणकारी नहीं कहा जा सकता, जो लोगों को आत्मनिर्भर न बनाए यानी उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने के लिए प्रेरित न करे।

जनकल्याण के नाम पर ऐसी योजनाएं स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के विपरीत हैं, जिनका एकमात्र उद्देश्य लोगों को लालच देकर उनके वोट हासिल करना होता है। सुप्रीम कोर्ट को यह भी देखना होगा कि राजनीतिक दल जनकल्याण के बहाने लोकलुभावन घोषणाएं करते समय राज्य विशेष की आर्थिक स्थिति का ध्यान रखें।

उन्हें ऐसी योजनाएं शुरू करने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए, जो राज्य की आर्थिक स्थिति को डांवाडोल करें और उनके पास बुनियादी विकास के काम करने के लिए भी धन का अभाव व्याप्त हो जाए। ध्यान रहे कई राज्यों को अपने कर्मचारियों को समय पर वेतन देने के भी लाले पड़े हैं।

## विशेष आलेख

# विवाद बढ़ाने का काम करता चीन, शक्सगाम घाटी को लेकर भारत को पूरी तरह चौकस रहने की आवश्यकता

जब अमेरिका भारत के समक्ष समस्याएं खड़ी करने से बाज नहीं आ रहा है, तब चीन भी चिंता का कारण बन रहा है। वास्तव में चीन ने जबसे 1951 में तिब्बत पर जबरन कब्जा करके भारत-तिब्बत सीमा को भारत-चीन सीमा में बदल दिया, तबसे उसके भारत-विरोधी रुख में लगातार वृद्धि होती चली जा रही है। पहले तो उसने 1962 में तिब्बत को छावनी की तरह इस्तेमाल करके भारत पर हमला किया। इसके बाद से वह सैकड़ों किलोमीटर लंबी इस सीमा पर उकसावे की कोई न कोई हरकत करता आ रहा है। आर्थिक और सैनिक शक्ति हासिल करने के बाद तो चीन की यह आक्रामकता सीधी दादागीरी में बदल चुकी है। पहले वह भारत के अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख के इलाकों पर जुबानी दावे करता था, लेकिन 2017 में डोकलाम घाटी पर कब्जे की कोशिश में मुंह की खाने के बाद उसने पूरी सीमा पर बड़े पैमाने पर सैन्य निर्माण शुरू करके भारत के लिए नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। पिछले दिनों अंतरिक्ष से सीमाओं की टोह लेने वाले भारतीय उपग्रहों से पता चला कि लद्दाख में चीनी कब्जे वाले शक्सगाम इलाके में चीनी सेना एक ऐसी सड़क बना रही है, जो भारत-पाकिस्तान और चीन के इस मिलन क्षेत्र में सियाचिन की सुरक्षा के लिए नए खतरे पैदा कर सकती है। शक्सगाम घाटी जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के भारत में विलय के बाद भारत का हिस्सा थी, लेकिन अक्टूबर 1947 में उस पर हमले में पाकिस्तानी सेना ने कब्जा कर लिया था। 1962 के भारत-चीन युद्ध के एक साल बाद ही पाकिस्तान ने चीन को खुश करने के लिए 1963 की एक संधि के तहत शक्सगाम का लगभग 5,180 वर्ग किमी क्षेत्र चीन को सौंप दिया। रणनीतिक दृष्टि से शक्सगाम के भौगोलिक महत्व को इससे समझा जा सकता है कि यह पाकिस्तान द्वारा भारत से छीने गए गिलगित-बाल्टिस्तान और चीन द्वारा 1949 में कब्जाए गए ईस्ट-तुर्किस्तान (चीन द्वारा दिया गया नया नाम 'शिनजियांग') को आपस में जोड़ता है।

इसके अलावा यह सियाचिन के बहुत निकट है जो शक्सगाम और भारत के उस अक्साई चिन को अलग करता है, जिस पर 1950 के दशक में चीन ने गुपचुप कब्जा कर लिया था। शक्सगाम में चीन की यह नई सड़क बन जाने के बाद दुनिया के सबसे ठंडे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर को पाकिस्तानी हमलों से बचाने में जुटी भारतीय सेनाओं के लिए खतरा दोगुना हो जाएगा। आज सियाचिन पर उपस्थिति के कारण भारतीय सेना चीन के सैनिक महत्व वाले कराकोरम हाईवे पर नजर रख सकती है, जिसकी वजह से सियाचिन चीन के आंख की किरकिरी बना हुआ है। इसी क्षेत्र पर कब्जे के लिए 2021 में चीनी सेना ने गलवन में धोखे से हमला किया था।

दुनिया के सबसे कठिन इलाकों में गिने जाने वाले इस क्षेत्र में सड़कों के सैनिक महत्व को इससे समझा जा सकता है कि गलवन कांड के तुरंत बाद भारतीय सेना ने जिस गति और संख्या के साथ चीनी सैनिकों पर जवाबी हमला करके चीन को झकझोर दिया, वह केवल इसलिए संभव हो पाया कि उससे पहले ही भारतीय सेनाओं को लेह और श्योक से गलवन होते हुए दौलतबेग ओल्डी



तक पक्की सड़क मिल चुकी थी। मोदी सरकार को इसका श्रेय जाता है कि उसने भारत-तिब्बत सीमा पर लगने वाली लगभग हर चौकी को 70 से ज्यादा नई और बारहमासी सड़कों से जोड़ दिया है।

जैसी उम्मीद थी, सैटेलाइट चित्रों के बाद भारत सरकार ने चीन के समक्ष विरोध दर्ज किया है। न केवल विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता, बल्कि थलसेना अध्यक्ष ने भी चीन को याद दिलाया है कि शक्सगाम घाटी एक भारतीय क्षेत्र है और उसे चीन को सौंपने वाला 1963 का पाकिस्तान-चीन समझौता गैरकानूनी और अस्वीकार्य है। चीन ने अपने परंपरागत अक्खड़ अंदाज में इस विरोध को अस्वीकार करते हुए इसे दो सार्वभौम देशों के बीच हुआ समझौता बताने का प्रयास किया, लेकिन यह कहते हुए चीनी प्रवक्ता ने इस तथ्य को छिपा लिया कि उस समझौते में साफ-साफ लिखा है कि शक्सगाम भारत और पाकिस्तान के बीच एक विवादित इलाका है और भविष्य में इस विवाद के सुलझने पर इस इलाके के अधिकार वाली सरकार से नया समझौता किया जाएगा।

शक्सगाम घाटी को लेकर विवाद के बीच सवाल यह है कि चीन ने नई सड़क बनाकर भारत के साथ नया विवाद शुरू करने का फैसला करने के लिए यही समय क्यों चुना इसे समझने के लिए चीनी रणनीति और इतिहास पर एक नजर डालना काफी होगा। 1912 में स्वतंत्र चीनी गणराज्य की स्थापना के बाद चीन ने तिब्बत, दक्षिणी मंगोलिया और मंचूरिया पर कब्जा करके जिन 14 देशों के साथ सीमाएं साझा की हैं, उनमें से 12 में से अधिकांश के साथ उसने सीमा समझौते ऐसे मौकों पर किए, जब वे किसी न किसी कारण से कमजोर थे और चीन के दबाव में थे, लेकिन भारत और भूटान के साथ उसने सीमा समझौते इस कारण टाले हुए हैं कि धीरे-धीरे लक्षित इलाकों में उनकी जमीन हड़पने के बाद ही और 'उचित' अवसर आने पर ही वह ये समझौते करेगा।

चीन ने एशिया में हर बड़ी सैन्य कार्रवाई के लिए ऐसे समय का चुनाव किया, जब बड़ी शक्तियां किसी बड़े विवाद में उलझी हुई थीं। उदाहरण के लिए तिब्बत पर कब्जा जमाने के लिए उसने मुख्य सैनिक हमला तब किया जब उसने सोवियत संघ के साथ मिलकर उत्तरी कोरिया और दक्षिणी कोरिया के बीच युद्ध शुरू करके अमेरिका को उस झगड़े में उलझा दिया। इसके बाद 1962 में उसने अक्टूबर में भारत पर तब हमला किया, जब क्यूबा में सोवियत संघ और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों की तैनाती को लेकर पूरी दुनिया का ध्यान इस तनाव पर टिका हुआ था। आज भारत के एकमात्र भरोसेमंद दोस्त रूस ने खुद को यूक्रेन के साथ अपने अंतहीन युद्ध में उलझा लिया है और इस कारण काफी कमजोर हो चुका है।

चीन-विरोध के नाम पर भारत की मदद का फैसला कर सकने वाला अमेरिका भी इस समय दुनिया भर के साथ आर्थिक टकराव में बुरी तरह उलझा हुआ है। ऐसे में भारत के लिए चीन की ओर से किसी अनुचित कार्रवाई का खतरा पहले से अधिक है। शक्सगाम में चीन का नया कदम एक ऐसी चेतावनी है, जिस पर भारत को पूरी तरह चौकस रहने की आवश्यकता है। उस पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

## आज का राशिफल

**मेष**

थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति हो सकती है।

**वृष**

संतान पक्ष से स्वास्थ्य तथा अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यशैली में परिवर्तन करना पड़ सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देंगे।

**मिथुन**

कानूनी बाधा संभव है। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धनहानि किसी भी तरह हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क**

प्रेम-प्रसंग में हड़बड़ी न करें। विवाद हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। युवक व युवती विशेष सावधानी बरतें। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। आय में निश्चितता रहेगी।

**सिंह**

कोई ऐसा कार्य न करें जिससे अपमान हो। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। प्रॉपर्टी के काम बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में सुख-शांति रहेंगे।

**कन्या**

कम प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। कष्ट, भय, चिंता तथा तनाव का वातावरण बन सकता है।

**तुला**

दुष्टजनों से सावधान रहें, हानि पहुंचा सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कहीं से बुरी खबर मिल सकती है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। आज के काम कल पर नहीं टालें। विवेक का प्रयोग करें। लाभ होगा।

**वृश्चिक**

जल्दबाजी में कोई भी लेन-देन न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। फालतू खर्च होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे।

**धनु**

भाग्य का साथ मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। चिंता तथा तनाव में वृद्धि होगी। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। समय नेष्ट है। नकारात्मकता रहेगी।

**मकर**

आज भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। भागदौड़ रहेगी। जोखिम न लें। कष्ट, भय, चिंता तथा तनाव का वातावरण बन सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**कुंभ**

शत्रु शांत रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**मीन**

आंखों को रोग व चोट से बचाएं। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। मनोरंजक यात्रा की आयोजना हो सकती है। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। मित्र व संबंधियों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। कारोबार मनोनुकूल रहेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# रोज सुबह पिएं तेज पत्ता और दालचीनी की चाय, सेहत को यह फायदे

रोजाना सुबह चाय पीना तो हम सभी को काफी पसंद होता है। बहुत से लोगों का तो पसंदीदा मॉर्निंग ड्रिंक है, और सुबह की शुरुआत भी इसके साथ ही होती है। लेकिन दूध, चीनी और चाय पत्ती वाली सामान्य चाय का सेवन सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक होता है, इसलिए सुबह इसके सेवन से बचना चाहिए। हालांकि आप सामान्य चाय के बजाए, हर्बल चाय का विकल्प चुन सकते हैं। ऐसी कई चाय हर्बल चाय मौजूद हैं जिनका सेवन आप सुबह कर सकते हैं और सेहत के लिए बहुत फायदेमंद भी होती हैं। जिनमें से एक है तेजपत्ता और दालचीनी की चाय। वैसे तो आप ग्रीन टी, लेमन टी, अदरक की चाय, पुदीना चाय और कई अन्य चाय का सेवन भी कर सकते हैं। लेकिन तेजपत्ता और दालचीनी की चाय के



अपना अलग स्वाद और फायदे हैं, जो कि किसी और चाय में नहीं मिलते हैं। तेजपत्ता और दालचीनी में एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं, साथ ही इनमें एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल, एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी मौजूद होते हैं। साथ ही इनमें ए और सी भी होते हैं, इसके अलावा पोटेशियम, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस का भी ये अच्छा स्रोत हैं। जब आप तेजपत्ता और दालचीनी की चाय का सेवन करते हैं, तो यह न सिर्फ आपको कई रोगों से बचाती है, बल्कि उनके उपचार में भी मदद करती है।

**पाचन बनाए मजबूत :** सुबह इस चाय का सेवन करने से चाय आंत में सूजन कम होती है, साथ ही अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा मिलता है। यह आपके पाचन को स्वस्थ बनाने में मदद करती है और एक नेचुरल मेटाबॉलिज्म बूस्टर के रूप में काम करती है। जिससे यह आपके पेट संबंधी समस्याओं से दूर रखती है।

**शुगर कंट्रोल में मददगार है :** अगर डायबिटीज रोगी नियमित तेजपत्ता और दालचीनी की चाय का सेवन करते हैं, तो इससे इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार होता है, साथ ही ब्लड शुगर कंट्रोल में मदद मिलती है। दालचीनी को शुगर कंट्रोल रखने के लिए बहुत प्रभावी मसाला माना जाता है।

**इम्यूनिटी मजबूत होती है :** बदलते मौसम के दौरान आपको सर्दी-जुकाम, मौसमी और वायरल संक्रमण जैस समस्याओं से आपको सुरक्षित रखने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में यह चाय बहुत लाभकारी है। इसका नियमित से वायरल समस्याओं के उपचार और उनसे बचाव में भी मदद मिलती है।

**शरीर को करे डिटॉक्सिफाई :** अगर आप एक नेचुरल डिटॉक्स ड्रिंक ढूंढ रहे हैं तो तेजपत्ता और दालचीनी की चाय एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल और एंटी-फंगल प्रॉपर्टीज हानिकारक बैक्टीरिया और टॉक्सिन से लड़ने में मदद करते हैं। यह फ्री-रेडिकल्स से भी लड़ते हैं, जो कई गंभीर समस्याओं का कारण बनते हैं। यह चाय पीने से फैट का संचय भी कम होता है और कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है।

### हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है

अगर आप अपने दिल को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो रोज इस चाय का सेवन कर सकते हैं। इससे कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में मदद मिलती है, साथ ही शरीर में ब्लड प्रेशर के सामान्य स्तर को बनाए रखने में भी मदद मिलती है। जिससे हृदय रोगों की चपेट में आने का जोखिम बहुत कम हो जाता है।

# अजवाइन खाने से शरीर को मिलेंगे यह फायदे

अजवाइन पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। अजवाइन में कई ऐसे कंपाउड्स भी पाए जाते हैं, जो हेल्थ के लिए बहुत जरूरी होते हैं। आपको बता दें कि अजवाइन में फाइबर, विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा काफी अधिक होती है। इसलिए आपको स्वस्थ रहने के लिए अपनी डाइट में अजवाइन को जरूर शामिल करना चाहिए। अजवाइन की तासीर भी गर्म होती है, इसलिए आपको अजवाइन का सेवन जरूर करना चाहिए। अजवाइन पाचन से जुड़ समस्याओं को ठीक करता है।

**पाचन को दुरुस्त बनाए :** मौसम में अकसर लोगों को पाचन से जुड़ी समस्याओं से परेशान होना पड़ता है। अगर आपको भी पाचन से जुड़ी समस्याएं हो रही हैं, तो इसके लिए आप अजवाइन का सेवन कर सकते हैं। अजवाइन में मौजूद पोषक तत्व पाचन को दुरुस्त बनाने में असरदार साबित हो सकते हैं। अजवाइन खाने से गैस, कब्ज और एसिडिटी से छुटकारा मिल सकता है।

**बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाए :** अजवाइन में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण पाए जाते हैं। इसके साथ ही अजवाइन में थाइमोल नामक कंपाउड भी पाए जाते हैं। अजवाइन खाने से आप बैक्टीरियल और फंगल इंफेक्शन से बच सकते हैं।

**सर्दी जुकाम में आराम दिलाए :** अजवाइन की तासीर गर्म होती है। ऐसे में आप सर्दी जुकाम से बचने के लिए अपनी डाइट में अजवाइन शामिल कर सकते हैं। दरअसल, अजवाइन खाने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है। जब शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनती है, तो सर्दी जुकाम का जोखिम भी कम हो जाता है।

### बॉडी का गर्म रखे

हम सभी अपने शरीर को गर्म रखने के लिए तरह-तरह की चीजों का सेवन करते हैं। आप चाहें तो बॉडी को गर्म रखने के लिए अजवाइन का सेवन भी कर सकते हैं। अजवाइन की तासीर गर्म होती है। इसलिए अगर आप रोजाना अजवाइन का सेवन करेंगे, तो इससे आपका शरीर गर्म रहेगा। अपने शरीर को गर्म रखने के लिए आप रोजाना अजवाइन का काढ़ा बनाकर पी सकते हैं।

### ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखे

बीमारियां होने का जोखिम काफी बढ़ जाता है। ऐसे में ब्लड प्रेशर भी बढ़ सकता है। आप अपने ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने के लिए अजवाइन का सेवन कर सकते हैं। अजवाइन में मौजूद गुण ब्लड प्रेशर को नियंत्रण में रखने में मदद कर सकते हैं। लेकिन अगर आपका ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ है। तो डॉक्टर की सलाह पर ही अजवाइन का सेवन करें।

# मैथी को चेहरे पर लगाने के यह खास तरीके

मेथी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। मेथी में कई तरह के विटामिन्स और मिनरल्स पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। मेथी वजन घटाने में सहायक होता है। इसके साथ ही मेथी का उपयोग बालों की देखभाल रूटीन में भी किया जाता है। इसके अलावा कई कॉस्मेटिक्स कंपनियां मेथी का उपयोग स्किन केयर के लिए भी करती हैं। मेथी में एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो स्किन से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकते हैं। मेथी दानों, दाग-धब्बों, डेड स्किन सेल्स को रिमूव करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा चेहरे पर मेथी लगाने से काले घेरों से भी छुटकारा मिल सकता है।



### मेथी का पेस्ट

आप अपने चेहरे पर सीधे मेथी का पेस्ट भी लगा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले मेथी के दानों को रातभर पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इन दानों का पेस्ट बना लें। अब इसे अपने पूरे चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद चेहरे को ताजे पानी से धो लें। मेथी में एंटीइंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। ये दोनों चेहरे पर हुए मुहांसों को दूर करने में मदद कर सकते हैं।

### मेथी और दूध

आप मेथी और दूध को एक साथ मिलाकर भी अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। इसके लिए आप मेथी का पाउडर लें। इसमें कच्चा दूध मिक्स करें और पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। इससे आपके चेहरे से झुर्रियां और फाइन लाइंस दूर होंगे, साथ ही चेहरे के रंग में भी निखार आएगा।

### मेथी और गुलाब जल

आप मेथी के पाउडर में गुलाब जल मिलाकर भी अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। इसके लिए आप मेथी के पाउडर में गुलाब जल मिलाएं। आप इस पेस्ट को स्क्रबर के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं। मेथी और गुलाब जल के पाउडर को चेहरे पर लगाएं। हल्के हाथों से चेहरे को स्क्रबर करें और फिर चेहरे को ताजे पानी से धो लें। इससे आपके चेहरे की डेड स्किन सेल्स अच्छी तरह से रिमूव हो जाएंगी। मेथी पाउडर एक नैचुरल स्क्रबर के तौर पर काम करता है।

### मेथी और एलोवेरा जेल

आप मेथी के पेस्ट में एलोवेरा जेल मिलाकर भी अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले मेथी के बीजों का पेस्ट बना लें। इसमें एलोवेरा जेल मिलाएं और फिर अपने चेहरे पर लगा लें। आधे घंटे बाद चेहरे को ताजे पानी से धो लें। इससे चेहरे की जलन, रेडनेस कम होगी। साथ ही चेहरे पर निखार भी आएगा।

### मेथी का पानी

आप अपने चेहरे को मेथी के पानी से भी धो सकते हैं। इसके लिए आप मेथी के दानों को रातभर पानी में भिगोकर डाल दें। अब इस पानी से सुबह अपने चेहरे को धो लें। रोजाना मेथी के पानी से चेहरे को धोने से चेहरे की रंगत में सुधार होगा।

# बसंत पंचमी पर आज होगा धार्मिक उल्लास

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को गुलाबी नगरी जयपुर में धर्म, भक्ति और सांस्कृतिक परंपराओं का अनुपम संगम देखने को मिलेगा। इस अवसर पर श्री शुक सम्प्रदाय पीठ का स्थापना दिवस एवं विद्या की देवी मां सरस्वती की विशेष पूजा-आराधना श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी। श्री शुक सम्प्रदाय पीठ की ओर से आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज दरिबा पान सुभाष चौक में शुक्रवार अपराह्न 3 बजे से सायं 6 बजे तक बसंत पंचमी महोत्सव एवं पीठ स्थापना दिवस समारोह आयोजित होगा। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि प्रातःकाल ठाकुर श्री की नित्य सेवा-पूजन के साथ गुरु आचार्य सरकार की पादुका खड़ाऊँ का विशेष पूजन किया जाएगा। इस दौरान इत्र-फुलेल, केसर-चंदन अर्पित कर ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया जाएगा तथा केसरिया खीर का भोग लगाया जाएगा। शुक सम्प्रदाय पीठाधीश अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में वैष्णव महानुभावों द्वारा राग बसंत में दावलियों का गायन होगा। आचार्य महाप्रभु द्वारा रचित वाणियों, ललित कला से जुड़े वाद्य-साजों का पूजन किया जाएगा। निकुंज परिसर को पीले व केसरिया पुष्पों से सजाया जाएगा तथा पीठ स्थापना के उपलक्ष्य में ध्वजा पूजन भी होगा। वहीं दूसरी ओर आस्था के पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान जयपुर में भी बसंत पंचमी महोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। यहां प्रात: 6:30 बजे विद्या की देवी मां सरस्वती की विशेष पूजा होगी। केसर तिलक, पीले पुष्प, पीले व्यंजन अर्पित कर आराधना की जाएगी। पूज्य सतगुरु स्वामी भगत प्रकाश जी महाराज के सान्निध्य में संत मंडल, विद्यार्थी वर्ग एवं गुरु प्रेमी पूजा में सम्मिलित होंगे। पूजन के उपरांत विद्यार्थियों को गुरु महाराज द्वारा सरस्वती अभिमंत्रित पेंसिल व कलम उपहार स्वरूप प्रदान की जाएगी। प्रात: 7 से 8:30 बजे भजन-संकीर्तन तथा उसके बाद गुरु महाराज की अमोलक वाणी में सत्संग का आयोजन होगा। मंदिर परिसर, समाधि स्थल एवं विभिन्न विग्रहों का पीली पोशाक और पुष्पों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। सायंकाल 5:30 बजे पुन: मां सरस्वती की विशेष पूजा संपन्न होगी।

बसंत पंचमी के इस पावन पर्व पर जयपुर में आयोजित ये दोनों आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक सौंदर्य और भक्ति रस से सराबोर अनुभव प्रदान करेंगे।

# एसएमएस स्कूल ने निकाली बिन्दौरी




निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** स्कूल उदयपुरवाटी ने एक अनूठी पहल करते हुए अध्यापिका अमृता दर्जी के लिए उनके गाँव चिराना में डीजे और रथ पर बैठाकर मुख्य बाजार में भव्य बिन्दौरी का आयोजन किया। मातृ-पितृ विहीन एसएमसस परिवार की सदस्या अमृता को एसएमएस परिवार ने 3 लाख 11 हजार रुपए का कन्यादान कर सम्मानित किया। परिवारजनों और ग्रामवासियों ने एसएमएस विद्यालय की इस अनूठी पहल के लिए बहुत प्रशंसा की। बिन्दोरी का जगह-जगह ग्रामवासियों द्वारा सम्मान किया गया। संस्थान सचिव बंशीधर चौधरी, प्रधानाचार्य प्रभुदयाल सैनी और अध्यक्ष रामावतार सैनी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस बिंदौरी में विद्यालय का समस्त स्टाफ, परिवारजन और ग्रामवासी शामिल हुए।

# डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठग कर रहे साइबर ठगी

## पुलिस ने जारी की साइबर सुरक्षा एडवाइजरी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस के साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट ने राज्य में साइबर ठगी के एक और खतरनाक ट्रेंड डिजिटल अरेस्ट को लेकर आमजन को आगाह किया है। साइबर अपराधी अब खुद को सीबीआई, पुलिस, कस्टम, ईडी या इनकम टैक्स का बड़ा अधिकारी बताकर लोगों को वीडियो कॉल करते हैं। इन कॉल्स के माध्यम से वे नागरिकों को डराते हैं कि उनके नाम पर कोई गंभीर अपराध दर्ज हुआ है और जांच पूरी होने तक उन्हें वीडियो कॉल पर ही डिजिटल अरेस्ट रहना होगा।

### ठगी के तरीके और मनोवैज्ञानिक दबाव

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि अपराधी अक्सर शिकार को फोन कर बताते हैं कि उनके परिवार के किसी सदस्य ने अपराध किया है या उनके आधार कार्ड से जारी सिम का उपयोग देश विरोधी गतिविधियों में हुआ है। ठग पीड़ित को इतना डरा देते हैं कि वह अपनी जमा पूंजी, एफडी और बैंक खातों का वेरिफिकेशन कराने को तैयार हो जाता है। इसके बाद अपराधी एक फर्जी सरकारी बैंक खाता देते हैं, जो उनका ही होता हैय जिसमे वे पीड़ित को अपनी सारी रकम ट्रांसफर करने का आदेश देते हैं, जिसे बाद में ठग निकाल लेते हैं।

### फर्जी अधिकारियों की पहचान कैसे करें

कोई भी असली सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल के जरिए गिरफ्तारी या पैसों की मांग नहीं करती है। ठगों की पहचान उनके कॉल करने के तरीके से की जा सकती हैय वे अक्सर अनजान या अंतरराष्ट्रीय नंबरों जैसे-92 से कॉल करते हैं। वीडियो कॉल के दौरान वे फर्जी थाने, वर्दी पहने स्टाफ या कोर्ट रूम जैसा बैकग्राउंड दिखाते हैं ताकि पीड़ित को सच लगे। यदि कोई कॉल पर पैसे मांगे या किसी को सूचना देने से मना करे, तो समझ लें कि वह साइबर ठग है।

### सतर्कता और आपातकालीन स्थिति में क्या करें

राजस्थान पुलिस ने अपील की है कि किसी भी संदिग्ध कॉल को तुरंत काट दें और घबराएं नहीं। यदि आप या आपके आसपास कोई इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार होता है तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

# कठपुतली प्रदर्शन का आयोजन

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षरता के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली प्रदर्शन के अंतर्गत ब्लॉक के रतनसरा व सेहला पंचायत में कलाकार सुरेंद्र भाट्ट द्वारा कठपुतली प्रदर्शन किया गया। जिसमें साक्षरता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह रोकथाम, पर्यावरण संरक्षण,भ्रुण हत्या रोकने आदि संदेश कठपुतली प्रदर्शन के द्वारा दिया गया।

# भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने संभाला पदभार

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित भव्य समारोह में पदभार ग्रहण किया। अयोध्या में भगवान रामलला की मूर्ति स्थापना के दिन हुए इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व सर्व समाज के लोग शामिल हुए। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने गोपीचंद मीणा को विधिवत पदभार सौंपते हुए कहा कि मोर्चा सर्व समाज को साथ लेकर आगे बढ़ाने का कार्य करे और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए। उन्होंने सेवा को राजनीति का आधार बनाने का आह्वान किया। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने गोपीचंद मीणा को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनजाति समाज के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। भाजपा जनजाति मोर्चा समाज के अधिकारों और सम्मान के लिए प्रभावी भूमिका निभा रहा है। प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस शासन में पेपर लीक माफिया पनपा और लाखों युवाओं के साथ धोखा हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में युवाओं के भविष्य से कोई समझौता नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनावों की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, विधायक, पूर्व मंत्री, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में महिलाएं और कार्यकर्ता मौजूद रहे। राज्यभर से आए वाहनों के रैलों और जगह.जगह स्वागत कार्यक्रमों ने आयोजन को यादगार बना दिया।

# पूर्णाहुति के साथ रूक्मणी मंगल कथा का समापन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** गांव कोहिणा में श्री रिक्तियां भैरूजी मंदिर में चल रही रूक्मणी मंगल कथा के समापन पर गुरुवार को हवन हुआ। ग्रामीणों ने मंगल कामना करते हुए हवन में पूर्णाहुति दी।

कथावाचक प्रकाश चन्द्र महाराज ने कहा कि इस तरह की कथा का आयोजन भगवत कृपा बिना संभव नहीं है और संसार के कल्याण और भक्तों के कल्याण हेतु भगवान समय आने पर अवतार लेकर जगत और अपने भक्तों का कल्याण करते हैं। कार्यक्रम समापन पर ग्रामीणों की भीड़ रही तथा सभी ने कथावाचक सहित कथा श्रवण करने पधारे लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर संजय सोनी, राधेश्याम जोशी, रामप्रताप जोशी, मांगीलाल जोशी, रामकुमार महिया, रामेश्वर भाकर, विनोद अग्रवाल, सुरेंद्र सोनी, हजारीमल सोनी, परमेश्वर लाल, गिरधारी आदि अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त पूर्व सैनिक ईओ दिनेश कुमार का सम्मान



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पद पर नवनियुक्त पूर्व सैनिक दिनेश कुमार नूनिया का पूर्व सैनिक संगठनों की ओर से सम्मान किया गया। नगर पालिका कार्यालय में पूर्व सैनिक संगठन के जिलाध्यक्ष शीशराम डांगी के नेतृत्व में उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद रोहिला, कप्तान हरलाल डांगी, चिड़ावा लीग अध्यक्ष रामनिवास थाकन, लेफ्टिनेंट आरपी शर्मा, नायब सुबेदार मनीष कुमार, कप्तान प्रेम सिंह धायल, सुबेदार दिलीप सिंह डांगी, कप्तान जयपाल सिंह डांगी, कैप्टन रामस्वरूप सोमरा, हवलदार धर्मवीर जाखड़, रामसिंह नूनिया आदि पूर्व सैनिकों ने ईओ दिनेश कुमार का स्वागत किया।

# मंडेलिया के जन्मदिवस पर अपना घर आश्रम को भेंट किए एक लाख ग्यारह हजार

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वैद्य त्र्यंबक शर्मा ने निराश्रित, बीमार, असहाय दिव्यांग, पीड़ितजनों की सेवार्थ संचालित अपना घर आश्रम को एक लाख ग्यारह हजार रुपए भेंट किए। अपना घर आश्रम ट्रस्ट के सचिव कुलदीप व्यास ने बताया कि वैद्य त्र्यंबक शर्मा ने युनुस गौरी और मोसिन के साथ गुरुवार सुबह आश्रम में उपस्थित होकर



यहां निवासरत प्रभुजनों के दर्शन किए और विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन कर सहयोग राशि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नरेंद्र झंवर को समर्पित की। इस अवसर पर डॉ. गोपाल दत्त शर्मा, महावीर रामगढ़िया और धर्मेंद्र पाल बघेल ने दानदाता अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया । डॉ. गोपाल दत्त शर्मा ने आश्रम की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि आश्रम में ऐसे निराश्रित, दिव्यांग पीड़ितजनों का प्रवेश होता है जिनको संभालने वाला अपना स्वयं का कोई परिजन नहीं है। यहां प्रवेशित प्रभुजनों के आवास एवस्त्र, भोजन व चिकित्सा आदि की व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा जनसहयोग से की जाती है। किसी माध्यम से किसी प्रभुजी के परिवार की जानकारी मिलने पर उन्हें उनके परिजनों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। आश्रम परिवार की ओर से रफीक भाई मंडेलिया के जन्मदिवस पर मंगल भाव अभिव्यक्त किए गए।

# सुंदर झांकियों ने मोहा मन, श्याम दरबार के दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** श्रीश्याम नवयुवक मित्र मंडल चिड़ावा की ओर से चल रहे 26वें बसंत महोत्सव के तहत बुधवार रात्रि को महाकालेश्वर मंदिर के बाहर भजन संध्या हुई। जिसमें जयपुर की भजन गायिका सोनिया शर्मा एवं दिल्ली के कुमार प्रवीण ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं राधा कृष्ण, श्याम प्रभु, श्रीराम दरबार, हनुमानजी सहित अन्य मनमोहक झांकियों के साथ प्रस्तुत की गई नृत्य नाटिकाओं ने मौजूद श्रद्धालुओं की खूब तालियां बटोरी। इस मौके पर बाबा श्याम का मनमोहक दरबार सजाया गया। बाबा के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने मनौतियां मांगी और बाबा की ज्योत लेकर सुख समृद्धि की कामना की।



### आज दोपहर में होगा श्याम पाठ, लगेगा छप्पन भोग

महोत्सव का समापन शुक्रवार को होगा। जिसको लेकर महाकालेश्वर मंदिर से श्रीश्याम मंदिर तक निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में मुंबई-नासिका का नरेश ढ़ोलक ग्रुप, बाहुबली हनुमान-गोरिल्ला झांकी, बंटी तिलकधारी एंड ग्रुप तथा रामू महादेव आर्ट ग्रुप की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके साथ इलेक्ट्रिकल आतिशबाजी एवं 551 केसरिया निशान यात्रा की शोभा बढ़ाएंगे। उधर महोत्सव को लेकर महाकालेश्वर मंदिर एवं पुरानी बस्ती स्थित श्याम मंदिर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महोत्सव को लेकर मुख्य रास्ते की मनमोहक सजावट भी की जा रही है। पुरानी बस्ती स्थित मंदिर और उसके आसपास के दोनों साइड रोशनी से नहाई नजर आ रही है।

# दिव्यांग जनों के लिए आरक्षण की मांग

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** आगामी समय में राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं व नगर निकायों के चुनावों की तैयारी जोरों से चल रही है और ओबीसी आरक्षण को लेकर समिति का कार्यकाल भी तीन माह ओर बढ़ा दिया गया है। इसी बीच जगदीश प्रसाद घिंटाला अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह विचार मंच ने सरकार से दिव्यांग जनों को भी दो या तीन प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की है। घिंटाला ने बताया कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण के चलते और राजनीतिक शुचिता और दिव्यांग की बुद्धिमत्ता, सामाजिक सम्मान और जनप्रतिनिधियों में सहभागिता को सुदृढ़ करने तथा पद-प्रतिष्ठा से नवाजे जाने के लिए विधानसभा सत्र में अधिनियम पारित कर देश की राजनीति में वंचित श्रेणी को महिमा मंडन कर दिव्यांगो के विकास व उन्नयन में पहल करने की मांग की है।

# बागड़ोदिया आईटीआई में खेल प्रतियोगिता का समापन



निसं

**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे में स्थित जमनाधर सागरमल बागड़ोदिया निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में तीन दिवस से आयोजित खेल प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में संस्थान के सभी व्यवसायों इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, आर एंड एसी टेक्नीशियन, मैकेनिक डीजल, कोपा एवं वेल्डर के प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में आर एंड एसी टेक्नीशियन जूनियर टीम विजेता रही, जबकि आर एंड एसी टेक्नीशियन सीनियर टीम उपविजेता रही। समापन अवसर पर संस्थान सचिव राजेन्द्रप्रसाद भोड़कीवाला व संस्थान प्रधान महेश कुमार ने विजेता, उपविजेता, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, श्रेष्ठ टीम, वालंटियर एवं प्रतिभागियों को ट्रॉफी व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समूह अनुदेशक सुरेश कुमार, अनुदेशक अनिल, सिकेन्द्र कुमार, रवि बुगालिया, अरशद, शिवानी, लेखाकार राजेश कुमार वर्मा सहित समस्त आईटीआई स्टाफ उपस्थित रहा।

# आभा आईडी के अभाव में बेरंग लौट रहे मरीज



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** मरीजों के स्वास्थ्य से जुड़ा डिजिटल डेटा अपडेट करने के उद्देश्य से राजकीय अस्पतालों में चिकित्सकों से परामर्श के लिए अब आभा आईडी होना अनिवार्य कर दी गई है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे कहीं अलग नजर आ रही है। आभा आईडी की अनिवार्यता के चलते आमजन, विशेषकर ग्रामीण और कमजोर वर्ग के मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अभाव में बड़ी संख्या में मरीज पूरे दिन अस्पताल के चक्कर काटने को मजबूर हैं। पर्ची काउंटर पर सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें लग जाती हैं। लेकिन मरीजों को आभा आईडी बनवाने की प्रक्रिया समझ नहीं आ रही। वहीं स्मार्ट फोन और इंटरनेट सुविधा के अभाव में ग्रामीण और पिछड़ा तबका चिकित्सकीय परामर्श लिए बिना ही बैरंग लौट रहा है।

### तकनीकी औपचारिकता बनी परेशानी

कॉमरेड रूपाराम गोरा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बुजुर्ग, महिलाएं और आर्थिक रूप से कमजोर लोग इस व्यवस्था से अधिक प्रभावित हो रहे हैं। मरीजों के लिए इलाज से पहले तकनीकी औपचारिकताएं पूरी करना मुश्किल हो गया है। अस्पताल स्टाफ पर भी इसका अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है, जिससे अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है। लोगों ने इस पूरे मामले में उच्च स्तर पर ठोस समाधान की आवश्यकता बताई है ताकि डिजिटल व्यवस्था के नाम पर किसी भी मरीज को इलाज से वंचित न होना पड़े।

### इनका कहना है

ग्रामीणों को समझाने के लिए अलग से स्टाफ की व्यवस्था भी की गई है। इसका समाधान उच्च स्तर पर ही संभव है। डॉ. भरत कसेरा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी लाडनूं

# राष्ट्रीय एकता और जनसहयोग को लेकर ऑनलाइन जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार सामुदायिक पुलिसिंग कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत गुरुवार को झुंझुनू जिले के विभिन्न केंद्रों पर ऑनलाइन जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में चिड़ावा के अटल सेवा केंद्र पर भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। अध्यक्षता



एएसआई राजेंद्र सिंह ने की। बैठक में शिक्षाविद रामसिंह नेहरा, अनिल गुप्ता, मनोहर जांगिड़, मुकेश जलिंद्रा, बाबूलाल वर्मा, अशोक शर्मा, पंकज मिश्रा, डॉ. एलके शर्मा और डॉ. कुसुमलता शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, पुलिस मित्र और सुरक्षा सखी उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य

इस वीसी का मुख्य विषय ष्राष्ट्रीय एकता एवं पुलिस कार्यों में जनसहयोग रहा। ऑनलाइन संवाद के दौरान पुलिस मुख्यालय जयपुर के अधिकारियों ने सामुदायिक पुलिसिंग के घटकों जैसे सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक और सुरक्षा सखियों की भूमिका पर चर्चा की।

# श्याम अखण्ड ज्योति पाठ का आयोजन 25 को

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** आगामी 25-01-2026 को श्री श्याम सेवा समिती के सौजन्य से चौधरी धर्मशाला में हर वर्ष की भांति संगीतमय श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। आयोजन समिति के महेन्द्र सरावगी ने बताया की इस संगीतमय पाठ का वाचन रोहन सरावगी करेंगे। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे शुरू होकर रात को प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में बाबा का अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, वृन्दावन के कलाकारों द्वारा नृत्य नाटिका तथा रात को सामूहिक महाप्रसाद की भी व्यवस्था है। सभी श्याम भक्तों से आग्रह इस भव्य पाठ में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारें।

# विद्यालय के रास्ते पर किए गए अवैध अतिक्रमण हटवाने की मांग

निसं

**तारानगढ़ ( नवयत्न )।** मिखाला गांव के ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय के रास्ते पर ग्रामीणों की ओर से किए गए अवैध अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय मिखाला के मुख्य द्वार के पूर्व दिशा में ग्रामीणों ने रास्ते पर लकड़िया तथा कूड़ा-करकट डालकर अवैध अतिक्रमण कर रखा है जिससे विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने



में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस सम्बन्ध में ग्रामीणों से कई बार वार्तालाप करने के पश्चात भी उस रास्ते से अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। ग्रामीणों ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय के रास्ते पर से अवैध अतिक्रमण हटवाने की एसडीएम से मांग की। इस मौके पर पूर्व सरपंच विनोद कस्वा, च्यानणमल, कृष्णासिंह भाटी, जितेन्द्र भाटी, सुनिल रेफ्सवाल, राकेश, जितेन्द्र, रामधन, भागीरथ व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की पांचवीं किश्त का डीबीटी से हस्तांतरण

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि हस्तांतरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम गुरुवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान सिरोही जिले के अरविंद पैवेलियन स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया, जिसे बड़ी संख्या में किसानों व जनप्रतिनिधियों ने देखा। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसान उत्थान के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये की सहायता राशि दी जा रही है। योजना की पांचवीं किश्त के रूप में एक हजार रुपये की राशि को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किसानों के खातों में हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम के दौरान झुंझुनू जिले के 2 लाख 15 हजार 893 पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की पांचवीं किश्त के रूप में कुल 21 करोड़ 58 लाख 93 हजार रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई।

### राज्यभर में ग्रामोत्थान शिविरों का भी शुभारम्भ किया

जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि ग्रामोत्थान शिविरों का आयोजन जिले में प्रत्येक गिरदावर सर्किल स्तर पर 23 जनवरी 2026 से 9 फरवरी 2026 तक विभिन्न तिथियों में किया जाएगा। इन शिविरों में राज्य सरकार के 12 विभागों द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजेंद्र लांबा, एसीएम सुप्रिया कालेर, केंद्रीय सहकारी बैंक के संदीप शर्मा, अजय चाहर सहित किसान, जनप्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## विवाहिता को इंस्टाग्राम पर युवक से दोस्ती करना पड़ा भारी

**जयपुर ( नवयत्न )।** चाकसू थाना इलाके में विवाहिता को इंस्टाग्राम पर अनजान युवक से दोस्ती करना भारी पड़ गया। अनजान युवक ने विवाहिता को झांसे में लेकर अकेले में मिलने बुलाया और डरा-धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया। लेकिन पुलिस ने तकनीकी सहायता व मुखबिर की सूचना पर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि 25 वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज कराया था कि आरोपी युवक से उसकी कुछ दिन पहले इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। जिसके बाद दोनो एक-दूसरे को मैसेज करने लगे। आरोपी इस्टाग्राम फ्रेंड ने पीड़िता को मिलने का झांसा देकर जयपुर बुलाया और उसके अकेलपन का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी के चुगंल से मुक्त होने के बाद पीड़िता घर पहुंची और मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। गुस्साए परिजनों ने पीड़िता को थाने

# बसंत पंचमी पर मां शारदे की होगी पूजा

**जयपुर ( नवयत्न )।** मां शारदे का पर्व बसंत पंचमी पर शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस दिन गजकेसरी, बुधादित्य, शिव, रवि और कुमार योग का संयोग रहेगा। इस दिन स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त में नींव मुहूर्त, गृह प्रवेश, विवाह, उपनयन, यज्ञोपवीत, विद्या आरंभ, नौकरी, व्यापार प्रारंभ, नवीन वाहन खरीदना आदि शुभ माना जाता हैं। पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि पंचमी तिथि 23 जनवरी शुक्रवार को देर रात्रि 1:48 बजे तक रहेगी। बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती का विधि विधान से वैदिक गुरुकुल, विद्यालयों और संगीत, कला शिक्षण संस्थानों में पूजन किया जाता हैं। इस दिन किताबें, कलम, कॉपीएपीत वस्त्र और खाद्य सामग्री का दान करना शुभ माना गया हैं। बसंत पंचमी श्री पंचमी के दिन विद्या की देवी सरस्वती, कामदेव और श्री हरि विष्णु की पूजा का मुहूर्त शुक्र वार को सुबह 07:15 से 11:15 तक हैं । इसके बाद दोपहर 12:36 से 01:57 तक हैं। वहीं बसंत पंचमी के अबूझ सावे पर शुक्रवार को शादियों की धूम रहेगी। कई समाजों के सामूहिक विवाह सम्मेलन भी होंगे। जयपुर जिले में लगभग दो हजार और प्रदेशभर में 25 हजार शादियां होंगी। कई समाजों का सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि बसंत पंचमी पर अनेक विशेष योगों का संयोग रहेगा। विद्यारंभ, नामकरण गृह प्रवेश, विवाह और नई वस्तुओं की खरीदारी के लिए दिन शुभ रहेगा। बिहार समाज बच्चों से कराएगा सरस्वती पूजन: बिहार समाज संगठन का सरस्वती पूजन महोत्सव सुबह दस बजे से हरिपुरा में एनबीसी के पीछे स्थित दुर्गा विस्तार कॉलोनी में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया जाएगा। पहली बार विद्यालय जाने से पूर्व बच्चे स्लेट या कॉपी में ओम लिखेंगे। उत्तर प्रदेश बिहार संयुक्त समाज, बिहार समाज सेवा समिति, उत्तर प्रदेश बिहार कल्याण समाज, मिथिला समाज, बिहार समाज सेवा संघ, बिहार नवयुवक मंडल, यादव महासभा एवं मानवता केंद्र संस्थान के पदाधिकारी मुख्य रूप से माता सरस्वती के पूजन में सामूहिक रूप से भाग लेंगे। सुरेश पंडित ने बताया कि इस मौके पर मां सरस्वती की विशाल प्रतिमा का पूजन कर पुष्प वर्षा की जाएगी। अनेक झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

## गोविंददेवजी में श्रृंगार झांकी के बाद श्रीजी के सन्मुख होगा सरस्वती पूजन

**जयपुर ( नवयत्न )।** आराध्य देव गोविंददेव जी मंदिर में बसंत पंचमी उत्सव शुक्रवार को मंदिर के पाटोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि इस उपलक्ष्य में मंदिर में अनेक धार्मिक आयोजन होंगे। सुबह मंदिर कीर्तनिया एवं परिकर जन मंगल गीत एवं बधाईगान से उत्सव की शुरुआत करेंगे। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में बसंत पंचमी को मंगला झांकी सुबह 4 से 4:15 बजे तक होगी। सुबह 5 से 5:15 बजे तक ठाकुर जी का वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। मावा पेड़े का भोग अर्पण किया जाएगा। इसके बाद महाआरती के दर्शन होंगे। अभिषेक झांकी बाद ठाकुर श्रीजी को विशेष पीत पीली पोशाक एवं अलंकार श्रृंगार धारण कराया जाएगा। धूप झांकी 8:30 से 9:45 बजे तक होगी। धूप झांकी खुलने पर पहले अधिवास पूजन होगा। इसके बाद धूप की आरती होगी। धूप झांकी में ठाकुर श्रीजी को बेसन के लड्डू का भोग अर्पण किया जाएगा। शृंगार झांकी सुबह 10:15 से 10रू 45 बजे तक होगी। शृंगार झांकी के बाद मां भगवती सरस्वती का पूजन जगमोहन मध्य में ठाकुर श्रीजी के सन्मुख होगा। ठाकुर श्रीजी को पांच प्रकार गुलाल, इत्र का अर्पण किया जाएगा। उसके बाद राजभोग की आरती होगी। राजभोग झांकी का समय सुबह 11:15 से दोपहर 11: 45 बजे तक रहेगा। उल्लेखनीय है कि करीब 500 वर्ष पूर्व बसंत पंचमी को श्रील रूप गोस्वामी पाद ने ठाकुर श्रीजी का विग्रह गोमाटीला वृंदावन में पुनरू प्रकट किया था। मूल बंग बंगला भाषा में रचित माध्व गौड़ीय संप्रदाय के सर्वमान्य ग्रंथ भक्ति रत्नाकर ग्रंथ के द्वितीय तरंग में स्पष्ट अंकित है कि श्री गोविन्द प्रगटे होइलो रूप द्वारे। अर्थात श्री रूप गोस्वामी पाद ने ठाकुर श्री गोविंद देव जी को प्रगट किया। इस कारण माघ शुक्ल पंचमी के दिन ठाकुर श्री जीऊ का पाटोत्सव पट्टाभिषेक अनुष्ठान मनाया जाता आ रहा है।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 253 मरीज लाभान्वित



**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर रोड, सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उदयपुरवाटी कस्बे में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उदयपुरवाटी, लोहार्गल, चिराणा एवं आसपास के क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। कैम्प में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन, जनरल सर्जन, ईएनटी सर्जनए पीडियाट्रिशियन, साइकेट्रिस्ट तथा डेंटल सर्जन की बड़ी विशेषज्ञ टीम द्वारा 253 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में लोहार्गल धाम पीठाधीश्वर महंत अवधेशाचार्य महाराज, डीन डॉ. राजेन्द्र आवाते, इमाम सुलेमान खान, भोपाल राम गुर्जर, मनीष कुमार, रामनारायण, सुमितए महेंद्र सहित कस्बे के अनेक गणमान्यजन शरीक हुए। इस अवसर पर महंत अवधेशाचार्य महाराज ने कहा कि प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा लगाये जा रहे निःशुल्क चिकित्सा शिविर से आमजन को बड़ी राहत मिल रही है।

## स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम क्राइम ब्रांच सीएसटी ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए थाना ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 6.12 ग्राम अवैध स्मैक तथा तस्करी में प्रयुक्त एक आईफोन-16 प्रो जब्त किया गया है।

फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त अपराध अभिजीत सिंह ने बताया कि पुलिस कमिश्नर जयपुर सचिन मित्तल के मार्गदर्शन तथा विशेष पुलिस कमिश्नर ऑपरेशन्स राहुल प्रकाश के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त अपराध अभिजीत सिंह ने बताया कि सीएसटी की टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई कर खनिया बंधा गोनेर रोड क्षेत्र से आरोपी रोहित सांसी 22 निवासी ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है।

## 12 साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामनगरिया थाना पुलिस ने 12 साल की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म कर फरार होने वाले शातिर बदमाश को हरियाणा से गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। बताया जा रहा है कि आरोपी नाबालिंग बच्ची को सड़क पर अकेला खेलता देख उसका मुंह दबाकर उठा कर ले गया और सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजन जब उस ढूंढते हुए पहुंचे तो आरोपी नाबालिग को छोड़कर फरार हो गया।

पुलिस पुलिस ने आरोपी की तलाश करते हुए उसे हरियाणा से दबोच लिया डीसीपी ईस्ट संजीव नैन ने बताया कि रामनगरिया इलाके में रहने वाली महिला ने मामला दर्ज कराया था कि 23 नवम्बर को सुबह उनकी नाबालिग बेटी कोई चीज खरीदने के लिए घर से निकली थी। रोड पर अकेला पाकर 59 वर्षीय व्यक्ति ने 12 साल की बेटी के साथ रेप किया। परिजनों के ढूंढ़ते हुए कमरे पर पहुंचने पर नाबालिग को छोड़कर आरोपी वहां से भाग निकला। जिसके बाद आरोपी जयपुर छोड़ हरियाणा भाग गया और बार-बार अपना ठिकाना बदल कर फरारी काटता रहा।

# अवैध गैस रिफिलिंग एवं भंडारण के कारोबार का भंडाफोड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जिला प्रशासन की ओर से संचालित ऑपरेशन प्रवर्तन-सतर्क नागरिक, सुरक्षित शहर अभियान के तहत अवैध गैस रिफिलिंग एवं भंडारण के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण ने तत्काल दो विशेष सतर्कता दलों का गठन कर जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग समय पर दबिश दी। इस कार्रवाइयों के दौरान कुल 48 घरेलू गैस सिलेंडर, 03 रिफिलिंग मशीन, 02 इलेक्ट्रॉनिक कांटे, 04 रिफिलिंग पाइप एवं 02 नोजल जब्त किए गए हैं। अवैध गतिविधियों में लिप्त 02 व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई



प्रक्रियाधीन है। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण ने बताया कि सतर्कता दल, द्वारा बंध्या मोड़ गोनेर रोड लुनियावास जयपुर में कार्रवाई करते हुए मौके से अवैध गैस रिफिलिंग के दौरान 37 घरेलू गैस सिलेंडर, 02 इलेक्ट्रिक मोटर, 04 रिफिलिंग पाइप, 01 इलेक्ट्रिक कांटा, 02 नोजल सहित अन्य उपकरण जब्त किए गए तथा इस प्रकरण में संलिप्त 01 व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसी क्रम में सतर्कता दल बी द्वारा गायत्री नगर दुर्गापुरा जयपुर में दबिश देकर 11 घरेलू गैस सिलेंडर, 01 इलेक्ट्रिक मोटर मय रिफिलिंग नोजल पाइप एवं 01 इलेक्ट्रिक कांटा जब्त किया गया तथा यहां भी 01 व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आमजन की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफभविष्य में भी इसी प्रकार सख्त और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

# खदान ढ़हने सौ फीट ऊंचाई से गिरी चट्टान में मजदूर सहित दो ट्रैक्टर-ट्रॉली दबी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हरमाड़ा थाना इलाके में पत्थर की खदान में अवैध खनन करते वक्त चट्टान ढ़हने से दो ट्रैक्टर ट्रॉली समेंत एक मजदूर नीचे दब गया।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद पत्थरों के नीचे दबे मजदूर को बाहर निकाला और पास ही के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। हेड कांस्टेबल निरजंन ने बताया की थाना इलाके में स्थित दादर बावड़ी डूंगरी में पत्थर की खदान है।

जहां दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पत्थर भरने के लिए खदान पर गई थी। पत्थर भरते समय अचानक खदान ढह गई और करीब 100 फीट ऊंचाई से चट्टानें तेजी से नीचे आकर गिरने लगी। चट्टानों के बड़े पत्थर ढ़ह कर आते देखकर वहां मौजूद ट्रेक्टर-ट्रॉली के दोनों ड्राइवर व दो मजदूर अपनी जान बचाने के लिए भागे। पत्थर के नीचे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक सरदार मल गुर्जर 34 भी दब गया। वहां मौजूद साथियों ने तुरंत उसे बाहर निकाला। पत्थर के गिरने से उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया। हरमाड़ा थाना पुलिस खदान ढ़हने की सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस चेतक में मौजूद कांस्टेबल राजकुमार ने एम्बुलेंस की मदद से तुरंत घायल ड्राइवर सरदार मल गुर्जर को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। जिसके बाद क्रेन की सहायता से पत्थरों के नीचे दबी दोनो ट्रेक्टर ट्रॉली को भी कुछ घंटों बाद बाहर निकाल लिया गया।

## एटीएम में सेंध लगाने की कोशिश, कैश नहीं निकाल पाया बदमाश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सदर थाना इलाके में एक बदमाश ने एटीएम बूथ में घुसकर कैश चोरी करने का प्रयास किया। बदमाश अपने कपड़ों में औजार छिपाकर लाया था और एटीएम मशीन के सेफकवर को तोड़ डाला। हालांकि मशीन का ऊपरी शटर क्षतिग्रस्त करने के बावजूद वह कैश नहीं निकाल पाया और मौके से फरार हो गया।

पूरी वारदात एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना सिविल लाइंस स्थित ऑर्बिट मॉल में लगे केनरा बैंक के एटीएम की है। मामले में बैंक प्रबंधन की ओर से थाना में बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाश की तलाश में जुटी है। जांच अधिकारी एएसआई हवा सिंह ने बताया कि करणी विहार निवासी अर्चना 51, जो सिविल लाइंस स्थित ऑर्बिट मॉल में केनरा बैंक शाखा की मैनेजर हैं, ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रविवार को बैंक में अवकाश होने के कारण शाखा बंद थी। सुबह करीब 8:45 बजे एक बदमाश एटीएम बूथ में दाखिल हुआ। बदमाश ने कैश निकालने के बहाने एटीएम मशीन से छेड़छाड़ शुरू की।

अपने कपड़ों में छिपाकर लाए औजारों की मदद से उसने मशीन का सेफकवर और ऊपरी शटर तोड़ दिया, लेकिन नकदी निकालने में सफल नहीं हो सका। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया।

मैनेजर अर्चना ने बताया कि सोमवार सुबह बैंक खुलने पर एटीएम में तोड़फोड़ और चोरी के प्रयास का पता चला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक सबूत जुटाए। एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर बदमाश की पूरी करतूत सामने आई। इसके आधार पर बुधवार शाम को मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश कर रही है।

# फुटपाथ पर पड़ा मिला नवजात शिशु का शव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** लालकोठी थाना इलाके में स्थित रामनिवास बाग के पास एक शराबी पिता अपने नवजात शिशु के शव को फूटपाथ पर रख कर ठेके पर शराब पीने चला गया और नशे में सो गया। फुटपाथ पर शव पड़ा देख हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरु की। बताया जा रहा है कि नवजात शिशु के शव पर महिला चिकित्सालय सांगानेरी गेट अस्पताल का टैग लगा मिला।

जिसके आधार पर पुलिस ने मामले का पटाक्षेप किया। बताया जा रहा है कि अलवर के समीप कठूमर निवासी पिता उदय सिंह अपनी पत्नी की डिलवरी करवाने के लिए जयपुर आया था और अपनी पत्नी अनीता को सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां पर अनीता ने मृत बच्चे को जन्म दिया।

पिता उदय सिंह अपने एक दोस्त के साथ नवजात के अंतिम संस्कार के लिए आदर्श नगर श्मशान घाट जा रहा था। रास्ते में दोनों ने शराब पी ली और नशे की हालत में नवजात के शव को रामनिवास बाग गेट के पास रखकर वहीं बैठ गए। बाद में नशे के कारण दोनों गार्डन में सो गए और अंतिम संस्कार करना भूल गए। जब लोगों ने खुले में नवजात का शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस जब अस्पताल पहुंची तो पूरा खुलासा हो गया।

## हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद बड़ा फैसला गिरफ्तार आरोपियों के फोटो-वीडियो अब सोशल मीडिया व मीडिया को नहीं देगी पुलिस

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में गिरफ्तार आरोपियों के द्वत्तोटो और वीडियो अब पुलिस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या मीडिया से साझा नहीं करेगी। राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर के कड़े निर्देशों के बाद पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में सभी पुलिस अधिकारियों को आदेश जारी किए हैं। एडीजी क्राइम हवा सिंह घुमरिया ने जयपुर व जोधपुर के पुलिस आयुक्तों तथा सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा है कि गिरफ्तार आरोपियों के साथ मानवीय, सभ्य और विधिसम्मत व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। आरोपियों को अपमानजनक स्थिति में सार्वजनिक रूप से या मीडिया के सामने पेश नहीं किया जाएगा।

आदेश में हाईकोर्ट के 20 जनवरी 2026 के निर्णय का हवाला देते हुए आरोपियों की निजता के अधिकार को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। जारी मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी के अनुसार पुलिस किसी भी आरोपी के फोटो या वीडियो को अपने आधिकारिक अथवा अनौपचारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड नहीं करेगी और न ही मीडिया को उपलब्ध कराएगी। इसके साथ ही पुलिस ब्रीफिग के दौरान आरोपियों के लिए शब्दों के चयन में भी सावधानी बरतने और गरिमा बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। हिरासत के दौरान आरोपी को बैठाने, ले जाने और रखने की व्यवस्था सुरक्षित एवं सम्मानजनक होगी। महिलाओं, बुजुर्गों और कमजोर वर्ग के आरोपियों के साथ विशेष संवेदनशीलता बरतने पर भी जोर दिया गया है। पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि इन निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाएगा।


प्ररूप-13

(नियम 13 (2) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (नगरपालिका सूरजगढ़, झुंझुनूं)**

क्रमांक :- 6233 दिनांक :- 22-01-2026

**-:: लोक सूचना ::-**

अधोहस्ताक्षरकर्ता की जानकारी में यह लाया गया है कि निम्नलिखित खसरा नं. में स्थित भूमि या उसके भाग का 17 जून, 1999 से पूर्व की कालावधि से गैर-कृषिक प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है/किया गया है और इसलिए उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क की उप-धारा (8) के अधीन पर्यवसित किये जाने के दायी है।

| क्र.सं | नाम ग्राम/नगर | खातेदार का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) में | किस्म भूमि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोटिया/ सूरजगढ़ | 1. राजेन्द्र चांवरिया पुत्र गिरधारीलाल<br>2. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र भागीरथमल | 34<br>422/33<br>570/47 | 0.0500 है.<br>0.2900 है.<br>0.3200 है. | बारानी-3<br>बारानी-3<br>बारानी-3 |

अतः उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के भीतर-भीतर कारण बतायें कि क्यों न उक्त भूमि पर उसके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जाये और इसलिए क्यों न भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लंगमों से मुक्त निहित किया जा सकें। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 2026 (वर्ष) के 01 (मास) के 22 दिन को जारी की जाती है।

( तौफिक अहमद )
प्राधिकृत अधिकारी



**OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER**
**PWD DIVISION I SIKAR**

No. 6589 Date 09.01.2026

**Notice Inviting Bid No. 43/2025-26**

Bids for 01 (One Nos.) Work are invited from interested bidders upto 06:00 PM dated 22.01.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 116.19 Lac

NIB No.
UBN No.

Executive Engineer
PWD Dn. I Sikar

DIPR/C/795/2026

## मेगा हाइवे पर दो बसों की भिड़ंत, करीब आधा दर्जन यात्री चोटिल

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के स्थानीय संगम चौराहा पर दो बसों की भिड़ंत में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई तथा हाइवे पर जाम लग गया। मौके पर पहुंचे कांग्रेस नेता रामवीरसिंह राईका ने घटना से पुलिस को अवगत करवाया, जिस पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। कांग्रेस नेता राईका ने बताया कि रोडवेज बस अजमेर से सरदारशहर की तरफ जा रही थी। वहीं स्लीपर बस हनुमानगढ़ से जयपुर की ओर जा रही थी। जैसे ही रोडवेज शहर के बस स्टैंड रवाना होकर मेगा हाइवे पर टी पॉइंट के पास पहुंची, तो स्लीपर बस से भिड़ंत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई तथा दोनों बसों में सवार करीब पांच-छह यात्रियों के चोटें आई है। घटना में दोनों बसों के शीशे टूट गए तथा मेगा हाइवे पर जाम लग गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। दोनों बसों में करीब 100 यात्री सवार थे। मौके पर पहूंची पुलिस ने आवागमन को दुरुस्त करवाया।

## अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर 30 लाख हड़पने का मामला दर्ज

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में विवाहिता से दुष्कर्म कर उसके अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर 30 लाख रुपए भी हड़पने का मुकदमा पुलिस में दर्ज हुआ है। पुलिस ने विवाहिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस ने बताया कि तहसील के एक गांव की विवाहिता में आरोप लगाया है कि उसके पति विदेश में रहते हैं। गांव जालेऊ निवासी मुकेश बाना के ई मित्र से पति द्वारा विदेश से भेजे गए रुपए निकलवाने के लिए वह जाती थी। इस दौरान मुकेश से जान-पहचान हो गई तथा वह घर आने लगा। एक दिन मौका पाकर मुकेश ने उसके साथ दुष्कर्म किया तथा उसकी अश्लील फोटो व वीडियो बना ली। उसके बाद आरोपी उसे अलग-अलग जगहों पर भी ले गया, जहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा ब्लैकमेल करते हुए पांच साल में 25 लाख रुपए हड़प लिए। एक दिन आरोपी में उसे रतनगढ़ बस स्टैंड बुलाया तथा विवाहिता से उसके चैक व स्टाम्प पर हस्ताक्षर करवा लिए और उसके बाद आरोपी ने छह जनवरी को उसके खाते से पांच लाख रुपए और निकाल लिए। आरोपी द्वारा विवाहिता के अश्लील फोटो व वीडियो की मदद से ब्लैकमेल कर अब तक कुल 30 लाख रुपए हड़प लिए। पुलिस ने विवाहिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर गिरधारीलाल कर रहे हैं।

## नाबालिगा से दुष्कर्म करने एवं देह शोषण प्रकरण में एक गिरफ्तार

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में नशीला पदार्थ पिलाकर क्षेत्र की एक नाबालिगा से दुष्कर्म करने एवं देह शोषण के लिए दबाब बनाने के प्रकरण में पुलिस ने 20 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कियाए जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। मामले के अनुसार गत दिनों नाबालिगा अपनी मां के साथ थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि जून 2025 में वह ई मित्र पर फॉर्म भरवाने के लिए गई थी, जहां पर शहर के ही शाहिद नाम के युवक से उसका संपर्क हुआ। सामान्य बातचीत से उससे जान-पहचान हुई। अगस्त में शाहिद ने नाबालिगा को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला-फुसलाकर घर ले गया, जहां पर नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील फोटो भी ले ली। होश आने पर आरोपी उसे शहर के चूरू रोड पर स्थित चुंगीनाका क्षेत्र में छोड़कर चला गया। अब शाहिद उसे फोटो को वायरल करने की धमकी देकर देह शोषण का दबाब बना रहा है तथा जान से मारने की धमकी दे रहा है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने इस प्रकरण में कार्रवाई करते हुए शाहिद को गिरफ्तार कर उसे पोक्सो कोर्ट चूरू में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

### पीटीआई भर्ती-2022 में फर्जी डिग्री मामला

## एसओजी ने सत्य साईं यूनिवर्सिटी सहित पांच ठिकानों पर मारे छापे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शारीरिक शिक्षक पीटीआई भर्ती-2022 में फर्जी डिग्रियों के जरिए नौकरी हासिल करने के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी ने मध्यप्रदेश के भोपाल और सीहोर में बड़ी कार्रवाई की है। एसओजी की टीमों ने बुधवार को श्रीसत्यसाईं यूनिवर्सिटी के कैंपस सहित पांच ठिकानों पर छापेमारी कर दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं। यह कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रही। एसओजी के अनुसार पीटीआई भर्ती-2022 में चयनित 67 अभ्यर्थियों के पास श्रीसत्यसाईं यूनिवर्सिटी की बीपीएड डिग्री पाई गई है। इनमें से 40 अभ्यर्थियों ने आवेदन के समय किसी अन्य विश्वविद्यालय की डिग्री दर्शाई थी, लेकिन दस्तावेज सत्यापन के दौरान सत्यसाईं यूनिवर्सिटी की डिग्री प्रस्तुत की। इन सभी 67 अभ्यर्थियों के रिकॉर्ड जब्त कर जांच की जा रही है। एसओजी के डीआईजी परिस देशमुख ने बताया कि फर्जी डिग्री की शिकायतों पर अब तक करीब 300 लोगों के खिलाफ पांच अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। जांच में सामने आया है कि सत्यसाईं यूनिवर्सिटी की ओर से बड़ी संख्या में फर्जी डिग्रियां जारी की गईं। यूनिवर्सिटी द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों में गंभीर हेराफेरी पाई गई है। इसी कड़ी में एसओजी ने जयपुर कोर्ट से सर्च वारंट लेकर लगभग 40 अधिकारियों की टीम को मध्यप्रदेश भेजा। स्थानीय पुलिस की सहायता से टीमों ने सीहोर स्थित यूनिवर्सिटी कैंपस, भोपाल के अरेरा कॉलोनी स्थित कपूर हाउस, यूनिवर्सिटी प्रबंधन के सीए के कार्यालय व निवास तथा गांधीनगर स्थित आरकेडी, परिसर में छापेमारी की। फॉरेंसिक अकाउंटिंग और ऑडिटिंग विशेषज्ञों की मदद से यूनिवर्सिटी के एडमिशन, फीस और परीक्षा से जुड़े डाटा की भी जांच की जा रही है। एसओजी की जांच में खुलासा हुआ है कि कई कॉलेजों ने अधिकृत काउंसलिंग प्रक्रिया के बिना ही बीपीएड कोर्स में प्रवेश दे दिए। कुछ कॉलेजों में बिना मान्यता के कोर्स संचालित किए गए। ग्रेजुएशन में 50 प्रतिशत से कम अंक वाले अभ्यर्थियों को भी प्रवेश दिया गया और कई मामलों में बैक डेट में डिग्रियां जारी की गईं। जांच में यह भी सामने आया है कि कई अभ्यर्थी कॉलेज गए बिना ही डिग्री हासिल कर गए। पीटीआई भर्ती में फर्जी डिग्री जारी करने के मामले में राजगढ़ चूरू की ओपीजेएस यूनिवर्सिटी और शिकोहाबाद की जेएस यूनिवर्सिटी की मान्यता पहले ही रद्द की जा चुकी है। अन्य विश्वविद्यालयों की डिग्रियों की जांच एसओजी द्वारा जारी है।

# राम भारत की आस्था और आत्मा है : संत निवृत्तिनाथ कृष्णा महाराज

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में श्री महावीर सेवा संस्थान व श्रीश्याम गौशाला समिति के तत्वावधान में गौ सेवार्थ श्री संकटमोचन बालाजी धाम के सभागार में हो रहे पंच दिवसीय श्रीरामचरितमानस व्याख्यान के विश्राम दिवस गनेड़ीधाम के योगी संत निवृत्तिनाथ कृष्ण महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम भारत की आस्था और प्राण है। राम का चरित्र भारतीय संस्कृति की आत्मा है। संत निवृत्तिनाथ कृष्णा महाराज ने मानस प्रवचन में कहा कि भगवान प्रेम और भाव से मिलते है। प्रेम के बिना न भगवान मिल सकते हैं न संसार के जीव मिल सकते हैं। महाराज ने रामायण के पावन प्रसंग भगवान राम द्वारा अहिल्या उद्धार, बाई मीरा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। कार्यक्रम के मध्य मंचस्थ महाराजश्री का श्रीसंकटमोचन बालाजी सेवा समिति, सांवरिया गौ सेवा समितिए पिंजरा पोल गौ शाला, अमर रामलीला, मेघवाल समाज, लायंस क्लब के सदस्यों ने अभिनंदन किया।

धर्म प्रवचन शुरू होने से पूर्व समिति के अध्यक्ष विनोद डागा, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोषबाबू इंदौरिया ने मंचस्थ रखी श्रीरामायण जी की पूजा अर्चना की। मानस व्याख्यान के दिव्य आयोजन में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत, काग्रेस नेता रमेशचंद्र इंदौरिया, रामनारायण व्यास, डूंगरमल खटीक, देवीदत्त हरित, राजेन्द्र सिंह बिदावत, विष्णुदत्त चौधरी, महावीर रामगढ़िया, अर्जुनसिंह फ्रांस, राजकुमार दुगोलिया, हेमन्त सारस्वत, रामचंद्र दायमा, नरेंद्र झंवर, प्रतापसिंह बोथरा, जगदीशप्रसाद भूत, रामरतन कंदोई, अंजनी शर्मा सहित काफी संख्या में धर्म श्रद्धालु उपस्थित थे।



## बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर हुआ सामूहिक गायत्री मंत्र जप

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, हरिद्वार के तत्वावधान में बसंत पंचमी महोत्सव शुक्रवार को जयपुर सहित प्रदेशभर के तीनों गायत्री शक्तिपीठों, प्रज्ञा केंद्रों एवं चेतना केंद्रों पर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष यह महोत्सव शताब्दी वर्ष को समर्पित है, जिसके अंतर्गत विशेष आध्यात्मिक, संस्कारात्मक एवं सामाजिक चेतना से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर सभी केंद्रों पर सबकी सद्बुद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र का जप किया गया। प्रदेशभर में आयोजित इस जप अभियान में लगभग पांच लाख गायत्री मंत्रों का उच्चारण हुआ। इस अवसर पर महिलाओं की विशेष भागीदारी रही। जप उपरांत शताब्दी वर्ष को समर्पित दीप यज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें अक्षत के माध्यम से विश्व कल्याण की भावना के साथ यज्ञ भगवान को आहुतियां अर्पित की गईं। बसंत पंचमी के दिन शुक्रवार को सभी प्रज्ञा एवं चेतना केंद्रों पर पंचकुंडीय एवं नवकुंडीय गायत्री महायज्ञ, देवपूजन, पर्व पूजन, दीक्षा, विद्यारंभ संस्कार सहित विभिन्न संस्कार संपन्न होंगे। विद्या की देवी मां सरस्वती उनके वाहन मयूर तथा प्रमुख वाद्य यंत्रों का विधिवत पूजन किया जाएगा। शक्तिपीठों एवं केंद्रों को पीले पुष्पों से भव्य रूप से सजाया जाएगा, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक चेतना एवं उल्लास से ओतप्रोत रहेगा। गायत्री शक्तिपीठ, ब्रह्मपुरी में प्रात: 9 बजे से देवपूजन, नवकुंडीय सामूहिक गायत्री यज्ञ तथा नामकरण, गुरुदीक्षा, पुंसवन, अन्नप्राशन एवं विद्यारंभ जैसे संस्कार संपन्न होंगे। प्रात: 11 बजे से भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। मानसरोवर स्थित श्री वेद माता गायत्री वेदना निवारण केंद्र में प्रात: 9 बजे से पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ, 11:30 बजे पूर्णाहुति एवं 12 बजे से भोजन प्रसादी होगी। इसी प्रकार गायत्री चेतना केंद्र, जनता कॉलोनी में प्रात: 7 से 9 बजे तक सामूहिक जप, 9 से 11 बजे तक गायत्री यज्ञ तथा 11 बजे से भोजन प्रसादी का आयोजन होगा। गायत्री शक्तिपीठ वाटिका एवं कालवाड़ में भी महोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गायत्री परिवार बसंत पंचमी को संस्थापक युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक जन्मदिवस के रूप में मनाता है।



इस अवसर पर तीन शताब्दी समारोह-भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी, अखंड दीपक की शताब्दी तथा पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की तप साधना की शताब्दी-एक साथ मनाए जा रहे हैं। इसका मुख्य आयोजन हरिद्वार स्थित बैरागी दीप पर हो रहा है। जिसमें जयपुर से सैकड़ों गायत्री परिजन सहभागिता कर रहे हैं।

## योगासन जोनल लीग प्रतियोगिता सम्पन्न




निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 16 से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता योगासन वेस्ट जोनल लीग का उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पश्चिमी भारत के विभिन्न राज्यों से आई महिला योगासन एथलीटों ने उच्च तकनीकी स्तर का प्रदर्शन कर दर्शकों और निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। समापन समारोह के अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को रायपुर के सांसद व छत्तीशगढ़ सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल व भारतीय खेल प्राधिकरण रायपुर जॉनल डायरेक्टर रेणु पारीक द्वारा सम्मानित किया गया तथा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई।

साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों एवं प्रत्येक प्रतिभागी महिला योगासन खिलाड़ीयों को उनके समर्पण, अनुशासन और खेल भावना के लिए धन्यवाद एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। यह आयोजन न केवल योगासन को एक प्रतिस्पर्धात्मक खेल के रूप में मजबूती प्रदान करता है, बल्कि महिला सशक्तिकरण, स्वस्थ भारत और खेल संस्कृति को भी नई दिशा प्रदान करता है । राजस्थान के टीम मैनेजर व बैतोर मुख्य अतिथि उपस्थित डॉक्टर सत्यनारायण झाझड़िया ने बताया कि ब्यावर जिला सचिव जसमीत कौर की अगुवाई में चूरु से दीपिका सहारण, मनोज कुमार पुनिया ने राष्ट्रीय स्तर पर निर्णायक की भूमिका व कोमल महला, जागृति शर्मा, कृष्णा झाझड़िया, नेहा इन्सा, संजना लम्बोरिया व अंजली देहडु सहित राजस्थान से 30 महिला खिलाड़ी एवं 10 जज रेफरीयों ने भाग लिया। सरदारशहर से जाने वाली एक मात्र खिलाड़ी कृष्णा झाझड़िया ने बताया कि सरदारशहर से राज्य स्तर पर मेरे साथ 10 खिलाड़ी थी परंतु मैडल नहीं लगने के कारन वो वेस्ट जोन में भाग नहीं ले सकी परन्तु अगली बार हम सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर का टारगेट लेकर पूर्ण पुरुषार्थ से अभ्यास करेंगे और सरदारशहर को भी योग के क्षेत्र में नई पहचान प्रदान करेंगे ।

टीम कोच व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डॉक्टर संजू धायल ने बताया कि अध्यक्ष डॉक्टर बाबूलाल जुनेजा, सेक्रेटरी जनरल संदीप काशनीयाँ, तकनीकी प्रभारी राजेन्द्र काशनीयाँ व राष्ट्रीय कमेंठी के सदस्य गजराज सिंह के निर्देशन में 2 गोल्ड, 3 सिल्वर व 4 ब्रांज मैडल कुल नौ पदक प्राप्त कर वर्ल्ड योगासना के सेक्रेटरी जनरल डॉक्टर जयदीप आर्य व भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला सशक्तिकरण की विचारधारा को फलीभूत किया है।

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत वार्ता आयोजित

निसं




**सरदारशहर ( नवयत्न )।** पीएम श्री विद्यालय राजकीय गिरधारी लाल शिवलाल टांटिया विद्यालय, सरदारशहर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत राष्ट्रीय वार्ताकार डॉ. अविनाश पारीक ने अपने उद्बोधन में नवीन प्रौद्योगिकी के अंतर्गत हो रहे नवाचारों एवं कैरियर मार्गदर्शन के लिए विभिन्न शैक्षिक ऐप्प, नवीन पाठ्यक्रमों की जानकारी एवं प्रेरक प्रसंगों के द्वारा सभी विद्यार्थियों को बड़े ही रोचक तरीके से साझा करते हुए बताया कि हम कैसे वर्तमान में प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल बिठाकर अपने जीवन को बेहतर कर सकते हैं। विद्यार्थी को ज्यादा से ज्यादा अपने शिक्षक से प्रश्न करके अपनी जिज्ञासाओं को शांत करना चाहिए तथा विषय की जानकारी बढ़ानी चाहिए एवं विद्यार्थी को स्वयं सदैव ही अपने आप को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते रहना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य विजय कुमार पारीक ने अपने उद्बोधन कहा की डॉ. पारीक का प्रेरक व्याख्यान हमारे विद्यार्थियों के लिए काफी प्रेरणादायक रहा, इससे यह भी प्रेरणा मिलती है कि अपने में से ही कोई हिन्दी माध्यम का विद्यार्थी उच्च पद पर दस्थापित हो सकता है एवं तकनीकी रुप से अपने जीवन को उन्नत बना सकता है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के प्रदर्शन और क्षमता को अधिकतम करने के साथ.साथ उनके कौशल को विकसित करने तथा गणित-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह होता है। इस कार्यक्रम में उप्राचार्य राजकुमार माली, रेणु शर्मा, एवं विद्यालय स्टाफमें विकास पारीक, रेखा पुरोहित, मुन्नी शर्मा, सोनम, जुल्फैन, राजकुमार पालीवाल, सन्त कुमार बाना, कृष्णगोपाल, ताराचंद शर्मा, आशाराम, राजेंद्र एराजवीर, मनीष, उर्मिला एनम्रता, शशिकांता, कुमकुम, इंदर चंद चिरानिया, नंदलाल पारीक, जाकिर सहित समस्त टांटिया स्टाफउपस्थित रहा है। कार्यक्रम का संचालन पी एम प्रभारी राकेश सांकृत्य ने किया।

## वर्मा बने राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा द्वारा संगठन की मजबूती और युवा नेतृत्व को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी ने चिड़ावा निवासी राजेश वर्मा प्रजापति की समाज के प्रति कर्तव्य-निष्ठा और सेवा भाव को देखते हुए उन्हें झुंझुनू जिले का जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठद्ध नियुक्त किया है। यह नियुक्ति महासभा के प्रदेश कार्यालय द्वारा आधिकारिक रूप से घोषित की गई। महासभा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. आरसी कुमावत, संरक्षक भैंरूलाल प्रजापति और प्रदेश महामंत्री राजकुमार लोहरवाड़िया ने संयुक्त रूप से इस नियुक्ति पर अपनी सहमति दी। नियुक्ति पत्र के माध्यम से संगठन ने यह निर्देश दिया है कि राजेश वर्मा प्रजापति पद की गरिमा का सम्मान करते हुए समाज हित के कार्यों को प्राथमिकता देंगे।

## भाजपा नेता जांगिड ने की जनसुवाई



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** भाजपा नेता राकेश जांगिड ने अपने आवास पर आमजन से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनी। बुचावास, बांय, सातमील, भामरा, साहवा, धीरवास, सारायण, गाजूवास, बालिया, पुनसिसर, रामपुरा, बिल्लियाँ, तारानगर शहर से आए लोगों ने बिजली, सिंचाई, पानी, सड़क व अन्य व्यक्तिगत समस्याएं बतायी। भाजपा नेता जांगिड ने सभी की समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया वकहा कि भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के नेतृत्व में तारानगर क्षेत्र की जनता की हरेक समस्याएं समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

## महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने इस गणतंत्र दिवस पर तिरंगे से प्रेरित लिमिटेड-एडिशन ट्रैक्टर्स पेश किए

**जयपुर ( नवयत्न )।** महिंद्रा ग्रुप का हिस्सा और दशकों से भारतीय किसानों के भरोसेमंद साथी महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने इस गणतंत्र दिवस पर लिमिटेड-एडिशन महिंद्रा ट्रैक्टर्स के लॉन्च की घोषणा की। तिरंगे से प्रेरित तीन रंग विकल्पों में उपलब्ध यह विशेष संस्करण भारत की मजबूती, एकता और कृषि शक्ति का उत्सव है। यह उस उत्पाद सोच को दर्शाता है जो साहसी लोगों के लिए बनाया गया है, बहादुरों के लिए डिजाइन किया गया है और खेतों का सच्चा गौरव है। ग्राहकों के स्वामित्व अनुभव को बेहतर बनाते हुए, महिंद्रा ट्रैक्टर्स मेटैलिक ऑरेंज, एवरेस्ट व्हाइट और मेटैलिक ग्रीन रंगों में लिमिटेड एडिशन युवो टेक 585 ट्रैक्टर पेश करेगा। मेटैलिक ग्रीन वैरिएंट में लिमिटेड-एडिशन एक्सेसरीज का पूरा सेट शामिल होगा, जिसमें रस्सी, जेरिकैन और महिंद्रा का झंडा शामिल हैं। मेटैलिक ऑरेंज, एवरेस्ट व्हाइट और मेटैलिक ग्रीन में सजे इन ट्रैक्टर्स का डिजाइन विकास के रंगों का सम्मान करता है.

## देवनारायण जयंती महोत्सव 25 को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** साडू माता के लाल भगवान श्री देवनारायण का जन्मोत्सव गुर्जर की ढ़ाणी सेक्टर-4 विद्याधर नगर स्थित भगवान श्री देवनारायण, भैरू बाबा एवं भोमिया जी महाराज मंदिर में 25 जनवरी को बड़े उल्लास व उमंग के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव का आयोजन शाम 4 बजे से होगा। मंदिर समिति के पुजारी एवं अध्यक्ष समाजसेवी रवि शंकर धाभाई ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयंती महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष राकेश कुमार गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान गुर्जर समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा, जिसकी तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। महासंघ के राष्ट्रीय सचिव योगेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि वर्तमान समय में भगवान श्री देवनारायण के विचार, आचार और व्यक्तित्व अत्यंत प्रासंगिक हैं, इसलिए माघ शुक्ल पक्ष में मनाई जाने वाली श्री देवनारायण जयंती को राष्ट्रीय पर्व घोषित किया जाना चाहिए। महिला युवा विंग की राष्ट्रीय महासचिव वैष्णवी धाभाई ने बताया कि इसी दिन सूर्य देव की जयंती भी मनाई जाती है। रविशंकर धाभाई ने कहा कि कलयुग के अवतारी भगवान श्री देवनारायण, भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं, जिन्होंने अपना जीवन जनकल्याण, समता, अहिंसा और शांति के संदेश के प्रसार में समर्पित किया।

## दयानंद विद्या विहार में मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय दयानंद विद्या विहार विद्यालय में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्रधानाचार्य सुनीता अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, उनके त्याग, साहस एवं देशप्रेम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नेताजी का जीवन हमें अनुशासन, आत्मबल और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नेताजी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया गया। इस आयोजन से विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति की भावना और अधिक प्रबल हुई। कार्यक्रम में सैंकड़ों विद्यार्थी और शाला स्टाफ मौजूद रहे।



## छत्तीसगढ़- बलौदाबाजार के प्राइवेट स्टील प्लांट में ब्लास्ट, 6 मौतें

### 5 घायल, गर्म राख से जिंदा जले मजदूर; मृतक बिहार के रहने वाले

बलौदाबाजार।

छत्तीसगढ़ में बलौदाबाजार जिले के बकुलाही इलाके में स्थित स्पंज आयरन प्लांट में हुए ब्लास्ट से अब तक 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 5 मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। शुरुआती जांच में ये सामने आया है कि डस्ट सेटलिंग चैंबर से गर्म राख (ऐश) ले जा रही पाइपलाइन में लीकेज हो गया था।

विस्फोट प्लांट की कोल भट्टी (कोल किल्न) में गुरुवार सुबह करीब 9.40 बजे हुआ। ब्लास्ट के दौरान गर्म मलबा (राख) नीचे काम कर रहे मजदूरों पर गिरा, जिससे कई लोग झुलस गए। धमाके के बाद दूर तक धुएं का गुबार दिखा।

घायलों को बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर के बर्न ट्रीटमेंट सेंटर भेजा गया है। मृतक बिहार के रहने वाले हैं। कंपनी ने मृतकों के परिजनों को 20 लाख और घायलों को 5 लाख मुआवजा देने की घोषणा की है। वहीं कांग्रेस ने इस मामले की जांच के लिए 7 सदस्यीय कमेटी बनाई है।

### प्लांट सील, प्रबंधन से पूछताछ

मौके पर कलेक्टर दीपक सोनी और पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के साथ जिला प्रशासन की टीम मौजूद रही। रियल स्टील प्लांट को सील कर दिया गया है। प्लांट प्रबंधन से पूछताछ की जा रही है। फैक्ट्री नितेश अग्रवाल की बताई जा रही है। कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि बकुलाही क्षेत्र में रियल इस्पात कंपनी में सुबह करीब 9:40 बजे बड़ा हादसा हुआ। कोल भट्टी (कोल किल्न) के डस्ट सेटलिंग चैंबर से गर्म राख (ऐश) ले जा रही पाइपलाइन में लीकेज हो गया, जिससे गर्म राख नीचे गिर गई। इस हादसे में नीचे काम कर रहे 6 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए बिलासपुर के बर्न ट्रीटमेंट सेंटर भेजा गया है।

## राजस्थान की पहली पॉइजन डिटेक्शन टॉक्सिकोलॉजी लैब जल्द शुरू होगी

### मरीज के ब्लड से पता चलेगा शरीर में कौन-सा जहर; किस सांप ने काटा, पूछने की जरूरत नहीं होगी

**जयपुर।** राजस्थान के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल सवाई मानसिंह (एसएमएस) पॉइजन डिटेक्शन एंड ड्रग लेवल (टॉक्सिकोलॉजी) लैब बनकर तैयार हो गई है। यह राजस्थान की पहली ऐसी आधुनिक लैब है, जहां किसी भी व्यक्ति जो (सांप कटाने, जहर खाने या दवाईयों की ओवरडोज लेने से) बीमार हो गया या बेहोश हो गया हो, उसके शरीर में कितना जहर और कितनी मात्रा में है, ये पता लगाया जा सकेगा। इससे डॉक्टर को उस मरीज के सटीक इलाज में मदद मिलेगी। डिपार्टमेंट ऑफ फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकॉलोजी के अधीन बनी ये लैब इसी माह के आखिरी तक शुरू करने की योजना है। नोडल अधिकारी डॉ. डी.के. शर्मा ने बताया- लैब बनकर तैयार हो गई है और मशीनें आ चुकी हैं। डॉ. शर्मा का कहना है- इस लैब के शुरू होने से का फायदा उन मरीजों के इलाज करने में होगा जो जहर, दवाई की ओवरडोज, सांप काटने या जहरीला जानवर या कीड़े के काटने से बेहोश या गंभीर बीमार हो गया हो।

ऐसे मरीज के खून, पेशाब, उल्टी में से किसी एक का सैंपल लेकर उसकी जांच करके 5 मिनट से लेकर 2 से 3 घंटे की समयावधि में ये पता चल सकेगा कि उसके शरीर में कितनी मात्रा में जहर है और किस प्रकार का। इसजांच रिपोर्ट से डॉक्टर को उस मरीज का लाइन ऑफ ट्रीटमेंट निर्धारित करने और उसे दी जाने वाली दवाओं की डोज सेट करने में आसानी रहेगी।

## हरिद्वार में अमित शाह-रामदेव ने एक-दूसरे के पैर छुए

### सीएम धामी संग हॉस्पिटल का उद्घाटन किया; प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी हिरासत में

हरिद्वार।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 2 दिन के दौरे पर गुरुवार को उत्तराखंड पहुंचे। यहां हरिद्वार में अमित शाह और रामदेव बाबा ने एक-दूसरे के पैर छुए। पतंजलि के डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण ने भी शाह के पैर छुए। इससे पहले शाह और सीएम पुष्कर सिंह धामी महर्षि दयानंद ग्राम स्थित पतंजलि योगपीठ परिसर पहुंचे। यहां पतंजलि इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इसके बाद शाह ने कनखल में मां भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी और अखंड दीप शताब्दी वर्ष समारोह- 2026 में हिस्सा लिया। इसके बाद अमित शाह निरंजनी अखाड़ा पहुंचे। हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर संतों का आशीर्वाद लिया और मां गंगा को प्रणाम किया। अखाड़े ने उन्हें मां गंगा और हनुमान जी की पीतल प्रतिमाएं भेंट कीं। बुधवार को अमित शाह ऋषिकेश में गीता प्रेस के कार्यक्रम में पहुंचे थे।

# सरकार ने किसानों और श्रमिकों के हित में लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय : सहारण

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के किसानों, महिलाओं और श्रमिकों को 1590 करोड़ रुपए से अधिक के उपहार दिए तथा ग्राम उत्थान शिविरों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, रसोई गैस सब्सिडी योजना, डेयरी दुग्ध उत्पादन संबल योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से लाभ हस्तांतरित किया।

### जिले के लाभार्थियों को मिला लाभ

प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से जिले के 02 लाख 45 हजार किसानों को 24.5 करोड़ रुपए राशि हस्तांतरण की। डेयरी दुग्ध उत्पादन संबल योजना अंतर्गत 1100 लाभार्थियों को 53.23 लाख रुपए की राशि हस्तांतरित की गई। इसी के साथ रसोई गैस सब्सिडी योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से लाभान्वित किया गया। भजनलाल सरकार ने किसानों और श्रमिकों के हित में लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम सिरोही जिले में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से वीसी के जरिए जुड़ा रहा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने शिरकत की। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने किसानों और श्रमिकों के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। प्रदेश सरकार के किसान हितैषी निर्णयों से उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है तथा किसान अब आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। प्रदेश में दो वर्षों में एक भी भर्ती परीक्षा में पेपरलीक नहीं होने से युवाओं का भविष्य सुरक्षित हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीब को गणेश मानकर सेवा कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम आवास योजना से गरीब को छत देने का काम किया है। वहीं मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों को संबल प्रदान किया है। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि जिले में शुक्रवार, 23 जनवरी से गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में 12 विभागों की सेवाएं आमजन को मिलेंगी और आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। आमजन अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में भागीदारी निभाएं और योजनाओं का लाभ लें। बसंत शर्मा ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने विगत दो वर्षों में किसान, श्रमिक एवं समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों का संरक्षण करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल संचालन किया है। सरकार ने युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए ठोस



निर्णय लिए हैं तथा महिलाओं को अधिकार, सम्मान एवं सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया है।

### लाभार्थियों को प्रदान किए गैस सिलेंडर, स्कूटी और चेक

इस दौरान अतिथियों ने प्रदीप मेघवाल, सीता प्रजापत, गोविंद राम, दलीप कुमार आदि दिव्यांगों को स्कूटी की चाबी सौंपी। इसी के साथ सिमरन, राजनंदिनी, अनीता व तीजा देवी को उज्जवला योजना अंतर्गत गैस सिलेंडर, सहकार कल्याण योजना अंतर्गत प्रमोद कंवर को 09 लाख एवं सोनू भूकर को 05 लाख रुपए राशि के चेक तथा स्वामित्व योजना अंतर्गत शरीफ व जाफर खान को पट्टे प्रदान किए। इस दौरान ओम सारस्वत, फतेहचंद सोती, अभिषेक चोटिया, एसडीएम सुनील कुमार, तहसीलदार अशोक गोरा, बीडीओ महेंद्र भार्गव, सुरेश सारस्वत, किशन किरोड़ीवाल, सोहन सहारण, सुनील ढ़ाका, नीरज जांगिड़, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल कृषि संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी, एसजेईडी डीडी नगेंद्र सिंह, सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आमजन मौजूद रहे। संचालन रवि दाधीच ने किया।

## चिकित्सा कार्मिकों को दें फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण, आपातकालीन सेवाओं का हो बेहतरीन प्रबंधन : सुराणा

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा है कि जिले में सभी चिकित्सा संस्थानों पर फायर सेफ्टी के तहत सभी कार्मिकों को फायर सुरक्षा का प्रशिक्षण दिलवाया जाए। इसके अलावा फायर सेफ्टी के संबंध में जिला व उप जिला अस्पताल में समय-समय पर मॉक ड्रिल करवाई जाए। जिला कलक्टर सुराणा गुरुवार को जिला परिषद सभागार में जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति की बैठक में चिकित्सा अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने चिकित्सा विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा कार्मिकों को फायर सेफ्टी प्रशिक्षण मिलने से आपातकालीन स्थितियों में आवश्यक सुरक्षा व प्रबंधन हो सकेगा। सुराणा ने कहा कि सभी चिकित्सा संस्थानों में इमरजेंसी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसी के साथ सभी चिकित्सा संस्थानों में आपातकालीन सेवाओं का बेहतरीन प्रबंधन करें। जिला व उप जिला अस्पताल सहित सीएचसी पीएचसी में ओपीडी व आईपीडी सेवाओं को सुदृढ़ करें। चिकित्सा संस्थानों में पारदर्शी ढ़ंग से टेंडर आदि कार्य किए जाएं और संसाधनों के विकास सहित चिकित्सा सेवाओं के उन्नयन के प्रयास किए जाएं। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि विभागीय कार्यों व गतिविधियों के बारे में स्पष्टता रखें तथा विभाग के पोर्टल पर स्पष्ट, सटीक व सही डेटा एंट्री सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में सर्वाधिक संस्थागत प्रसव किए जाने वाले सुजानगढ़ के बड़ाबर चिकित्सा संस्थान का अन्य ब्लॉक के चिकित्साकर्मियों की विजिट करवाएं तथा बेस्ट प्रक्टिसेज को सीखाया जाए। नियमित रूप से चिकित्सा कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाए। एनसीडी स्क्रीनिंग, ओरल, सर्वाइकल व ब्रेस्ट कैंसर की नियमित स्क्रीनिंग की जाए और सभी ब्लॉक में अपेक्षित प्रगति लाएं।



### चिकित्सा विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

जिला कलक्टर सुराणा ने सभी जिला व उप जिला अस्पतालों, सीएचसी व पीएचसी में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के आंकड़ों की समीक्षा की तथा ओपीडी के अनुपात में मां योजना में टीआईडी जनरेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने दिसंबर, 2025 में संस्थागत प्रसवों की जानकारी लेते हुए संस्थागत प्रसव बढ़ाने तथा टीकाकरण गतिविधियों का एनालिसिस कर एमआर वन डोज व एमआर टू डोज एवं तथा पेंटावेलेंट के टीकों के गैप को कम करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जेएसई व लाडो प्रोत्साहन योजना के बारे में आमजन को अधिकाधिक जागरूक कर लाभान्वित करने की बात कही व योजना अंतर्गत नियमित भुगतान तथा आशा सहयोगिनियों के दिसंबर, 2025 माह के भुगतान को 31 जनवरी तक किए जाने व नियमित रूप से भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएम के निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित उपखंड अधिकारी से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के संबंध में संतुष्टि प्राप्त कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने एनक्यूएएस व एसक्यूएएस में प्रति ब्लॉक 04 असेसमेंट करवाने, चिकित्सा संस्थानों पर मुख्यमंत्री नि:शुल्क जांच योजना में समुचित जांच सुविधा उपलब्ध करवाने, मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना में समुचित दवा उपलब्धता सुनिश्चित करने, साफ.सफाई रखने, टीकाकरण, परिवार कल्याण, मातृ कृशिशु स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, एम्बुलेंस सेवाओं, टीकाकरण सहित बिन्दुओं पर चर्चा की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। इस दौरान राजकीय डीबी जनरल अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी, जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण झुरियाएआरसीएचओ डॉ. शशांक चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आशीष खण्डेलवाल, संग्राम सिंह, जिला लेखा प्रबधंक सुरेन्द्र बराला, बीसीएमओ डॉ. मनीष तिवाड़ी, डॉ मनोज झाझड़िया, डॉ. भुपेन्द्र मेघवाल, डॉ. रमेश कुमार, पीएमओ रतनगढ़ सुरेन्द्र कुमार, डीपीसी प्रेमशंकर शर्मा, जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक राजकुमार बैरवा सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी व बीपीओ मौजूद रहे।

## मोबाइल शोरूम में नकबजनी करने वाली अंतर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग का खुलासा करते हुए चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने राजस्थानए उत्तर प्रदेश और हरियाणा में करीब 1500 किलोमीटर तक पीछा कर आरोपियों को दबोचा। इनके कब्जे से लगभग 10 लाख रुपए मूल्य के मोबाइल फोन, एसेसरीज और नकदी बरामद की गई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग के शातिर बदमाश अभिषेक, रवि कुमार, गुड्डुन उर्फअमित और अंशु को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद और मैनपुरी जिले के रहने वाले हैं, जो वारदात से पहले जयपुर और हरियाणा में किराए पर रह रहे थे। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मोबाइल दुकानों में नकबजनी करने से पहले संबंधित क्षेत्र में अपने जान-पहचान वालों के पास अस्थायी रूप से किराए का कमरा लेते थे। इसके बाद दिन-रात इलाके की रेकी कर आने-जाने के रास्तों और पुलिस गश्त की जानकारी जुटाते थे। वारदात के समय चेहरे पर मफलर बांधकर नीचे की ओर देखते हुए चलते थे ताकि सीसीटीवी कैमरों में पहचान न हो सके। चोरी के बाद संकरे रास्तों से निकलकर मुख्य सड़कों पर पहुंच जाते थे। डीसीपी नैन ने बताया कि घटना के बाद पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। लगातार दबिशों के बाद चारों आरोपियों को डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी उदयभान यादव ने बताया कि 14 जनवरी की रात आरोपियों ने मालपुरा गेट क्षेत्र के बाबा रामदेव मार्केट स्थित एक मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोनए एसेसरीज और नकदी चोरी की थी। इस संबंध में पीड़ित मयूर हेमनानी ने मालपुरा गेट थाने में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदात का सफल खुलासा किया।

## एचसीजी कैंसर सेंटर में 8.5 किलो के विशाल जांघ ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** एचसीजी कैंसर सेंटर जयपुर ने कैंसर सर्जरी के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 49 वर्षीय महिला मरीज की दाहिनी जांघ से 40.40 सेंटीमीटर आकार और 8.5 किलोग्राम वजन का विशाल लिपोसारकोमा सफलतापूर्वक निकाल लिया। यह अब तक रिपोर्ट किए गए जांघ के सबसे बड़े सॉफ्ट टिश्यू सारकोमा में से एक माना जा रहा है। सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. निखिल मेहता के नेतृत्व में टीम के सदस्यों डॉ. कपिल शर्मा, ओ.पी. जाट और मनोज बंसल ने यह जटिल सर्जरी की। मरीज पिछले 8 वर्षों से इस समस्या से जूझ रही थी और ट्यूमर के अत्यधिक बढ़ जाने से चलना-फिरना तक मुश्किल हो गया था। जांच में सामने आया कि ट्यूमर अत्यधिक रक्त संचारित था और प्रमुख नसों व रक्त वाहिकाओं के बेहद करीब स्थित था, जिससे सर्जरी चुनौतीपूर्ण हो गई थी। बावजूद इसके, विशेषज्ञ टीम ने सावधानीपूर्वक ऑपरेशन कर ट्यूमर को पूरी तरह निकाल दिया। एचसीजी कैंसर सेंटर जयपुर के डायरेक्टर-ऑन्कोलॉजी डॉ. नरेश सोमानी ने बताया कि एडवांस तकनीक और अनुभवी चिकित्सकों की टीम के कारण ऐसे जटिल मामलों का भी सफल इलाज संभव हो पा रहा है। डॉ. निखिल मेहता ने कहा कि समय पर सही योजना और टीमवर्क से मरीज को दोबारा चलने योग्य बनाया जा सका। सर्जरी के बाद मरीज में तेजी से सुधार हुआ और तीसरे दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। यह मामला समय पर जांच और अनुभवी कैंसर सेंटर की भूमिका को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

## कर्नाटक राज्यपाल ने विधानसभा में अभिभाषण की 3 लाइन पढ़ीं

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने गुरुवार को राज्य विधानमंडल के जॉइंट सेशन को संबोधित किया। उन्होंने सरकार के तैयार भाषण की केवल तीन लाइन ही पढ़ीं और सदन से बाहर चले गए। एक दिन पहले राज्यपाल ने सेशन संबोधित करने से इनकार किया था। गहलोत के भाषण को सीएम सिद्धारमैया ने असंवैधानिक बताते हुए कहा- संविधान के अनुच्छेद 176 और 163 के तहत राज्यपाल को मंत्रिमंडल का तैयार पूरा भाषण पढ़ना अनिवार्य है। राज्यपाल ने अपना भाषण दिया। यह संविधान का उल्लंघन है। वे केंद्र सरकार की कठपुतली हैं। दरअसल, राज्यपाल गहलोत सरकार के तैयार भाषण के पैरा नंबर 11 पर नाराज हैं। इनमें लिखा है कि केंद्र सरकार ने यूपीए काल में शुरू की गई मनरेगा योजना को कमजोर किया है। उसका बजट घटाया है, जिससे ग्रामीण रोजगार प्रभावित हुआ है। कर्नाटक सरकार का सत्र 22 जनवरी से शुरू हुआ और 31 जनवरी तक चलेगा।

# गरीब, महिला, युवा और किसान के कल्याण के लिए समर्पित हमारी सरकार, ग्राम उत्थान शिविरों से जुड़कर योजनाओं का लें लाभ : मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान भारत की आत्मा है। जब किसान सशक्त होता है तो गांव, प्रदेश और देश प्रगति करता है। उन्होंने कहा किहम संकल्प पत्र में किए गए वादों को लगातार पूरा कर रहे हैं तथा हमारी सरकार किसानों के कल्याण एवं समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी(बसंत पंचमी) से प्रदेश के प्रत्येक गिरदावर सर्कल पर ग्राम उत्थान शिविरों को आयोजन किया जाएगा। उन्होंने किसानों एवं पशुपालकों से इन शिविरों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

श्री शर्मा गुरूवार को सिरोही में किसान सम्मान निधि के हस्तानान्तरण एवं ग्राम उत्थान शिविर के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन दो वर्ष पहले यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक विरासत एवं दशकों से लंबित मांग को पूरा कर अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। साथ ही, आज ही के दिन प्रधानमंत्री ने हरियाणा के पानीपत से महिला उत्थान एवं महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का अभियान शुरू किया था।

### राज्य के हर गिरदावर सर्किल पर 23 जनवरी से लगेंगे शिविर-

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गरीब, महिला, युवा और किसान सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। आमजन तक राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 'ग्राम उत्थान शिविर शुरू किये जा रहे हैं। इन शिविरों में तारबंदी, डिग्गी, पाइप लाइन, फार्म पौंड, फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पंप जैसी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की स्वीकृतियां दी जाएंगी। साथ ही, मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के तहत मिले आवेदनों का निस्तारण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में सोलर पंप, किसान क्रेडिट कार्ड, नए कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए आवेदन, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशुओं का पंजीकरण, पशु टीकाकरण करवाया जाएगा। साथ ही प्राथमिक डेयरी सहकारी समिति और डेयरी सहकारी समितियों का पंजीकरण, स्वामित्व कार्ड का वितरण, नहरों एवं खालों की मरम्मत, पीएम सूर्य घर योजना के तहत पंजीकरण, वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जल संरक्षण सहित विभिन्न कार्य इन शिविरों में करवाएं जाएंगे।



### दो वर्षों में 50 हज़ार करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त फसली ऋण-

श्री शर्मा ने कहा कि अन्नदाता को संबल देकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। प्रदेश में हमारी डबल इंजन सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्राप्त 6 हजार की राशि में 3 हजार रुपये जोड़कर इसे 9 हजार रुपये किया है। गेहूं की खरीद पर पिछले दो वर्षों में 125 रुपये और 150 रुपये का बोनस दिया गया है। साथ ही, पिछले दो वर्षों में 50 हज़ार करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त फसली ऋण दिया गया है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए पीएम कुसुम योजना के तहत 52 हजार सोलर पंपसेट लगाकर 822 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया। आज प्रदेश में 22 जिलों के किसानों को दिन में बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं के लिए अनुदान में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी, गोपालक परिवारों को 653 करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त ऋण, मोबाइल वाहनों द्वारा पशुओं का उपचार जैसे कार्यों से पशुपालकों को लाभान्वित किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि गत समय में प्रदेश के कार्यकाल के अंतिम वर्ष में निवेश समिट का आयोजन किया गया जबकि हमारी सरकार ने आते ही राइजिंग समिट का आयोजन किया, जिसमें से 8 लाख करोड़ के एमओयू धरातल पर उतर भी चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर दे रही है। प्रदेश में अब तक एक लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं और 1.43 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। साथ ही एक लाख पदों के लिए भर्ती कैलेंडर जारी किया जा चुका है। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश किसानों को सम्मान निधि देने का काम किया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने संकल्प पत्र का वादा पूरा करते हुए किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी कर प्रदेश के किसानों को लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री श्री शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों को दिन में बिजली देने के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190